संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 01 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 292 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा में मिट्टी डालते हुए।


हरियाणा सरकार | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

"शौर्य और कौशल, जवान और किसान, प्राचीन संस्कृति और नव तकनीक की संगम स्थली हरियाणा के निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई। विकास की राह पर निरंतर अग्रसर यह प्रदेश आगे भी देश की समृद्धि में अपना अमूल्य योगदान देता रहे।"

- नरेन्द्र मोदी





देशोऽस्ति हरयाणाख्यः पृथिव्यां स्वर्गसन्निभः*

(हरियाणा नाम का एक देश (प्रदेश) है जो इस धरती पर स्वर्ग के समान है।)

58वें हरियाणा दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

1 नवम्बर, 2023

## सबतै आग्गै म्हारा हरियाणा

बी.पी.एल. की सर्वाधिक वार्षिक आय सीमा - **1.80 लाख रुपये**

सर्वाधिक मासिक सामाजिक पेंशन - **2,750 रुपये**

बड़े राज्यों में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय - **2,96,685 रुपये**

खिलाड़ियों को सर्वाधिक नकद पुरस्कार - **6 करोड़ रुपये** तक

सर्वाधिक प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता - **1081 ग्राम**

पी.एम. कुसुम योजना में सर्वाधिक सोलर नलकूप - **56,263**

सर्वाधिक दैनिक मनरेगा मजदूरी - **357 रुपये**

86 प्रतिशत गांवों में **24 x 7 बिजली**

सभी 30.96 लाख ग्रामीण घरों में नल से **स्वच्छ पेयजल**

सबसे पहले गांवों में लाल डोरे के भीतर **मालिकाना हक**

पंचायतों में महिलाओं की **50 प्रतिशत भागीदारी**

देश में सबसे पहले **पढ़ी-लिखी पंचायतें**

एम.एस.पी. पर सर्वाधिक **14 फसलों** की खरीद

सबसे पहले फसलों की **भावांतर भरपाई**

देश का पहला **केरोसीन मुक्त** राज्य

सबसे पहले कर्मचारियों के लिए **ऑनलाइन ट्रांसफर नीति**

सबसे पहले सार्वजनिक परिवहन में **ई-टिकटिंग**

हर जिले में **महिला थाने, साइबर पुलिस थाने** व **साइबर डेस्क**

देश का पहला **आयुष** विश्वविद्यालय और **कौशल** विश्वविद्यालय

हर जिला **नेशनल हाई-वे** से जुड़ा

**प्रति व्यक्ति जी.एस.टी** संग्रहण में बड़े राज्यों में अग्रणी

सरकारी स्कूलों के छात्रों को सबसे पहले **5.50 लाख निःशुल्क टेबलेट** वितरित

**परिवार पहचान-पत्र** द्वारा **397 योजनाओं** का घर बैठे **45 लाख परिवारों** को लाभ

विश्व की **400 फॉरच्यून कंपनियों** के कार्यालय हरियाणा में

*दिल्ली के निकट सारवान गांव से मिले विक्रमी संवत् 1385 के शिलालेख से उद्धृत

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 01 नवंबर 2023 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 292 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा में मिट्टी डालते हुए।

# 'देश की मिट्टी में वो चेतना है जिसने राष्ट्र को अनादिकाल से बचा कर रखा'

= 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहाः पीएम मोदी

**ऐतिहासिक**

**8 वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों और वीरांगनाओं को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। 12 मार्च 2021 को गांधी जी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुए आजादी के अमृत महोत्सव का अब 31 अक्टूबर 2023 यानी आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है।

**पीएम मोदी ने इसे बताया इतिहासः** आज ये हुजूम एक नया इतिहास बन गया जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए, वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहा है।'

**ऐतिहासिक आयोजन की दिलाएगी यादः** पीएम मोदी ने कहा कि 'इस महोत्सव का मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ समापन हो रहा है। आज आजादी का अमृत महोत्सव एक याद के लिए स्मारक का शिलान्यास भी हुआ है। ये स्मारक आने वाली पीढ़ियों को हमेशा इस ऐतिहासिक आयोजन की याद दिलाएगी।
आज मेरा युवा भारत संगठन, यानि भारत की नींव रखी गई है। 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन, बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है।'

**'मेरी माटी मेरा देश' अभियानः** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान है।
बड़ी-बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गईं, लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। ये वो माटी है, जो देश के कोने-कोने से, आत्मीयता और अध्यात्म, हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है।



## 'तुष्टीकरण की राजनीति विकास में सबसे बड़ी बाधा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नजदीत आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में कहा कि पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग आतंकवाद के प्रति भी आंखें मूंद लेते हैं और मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने ऐसी सोच के प्रति आगाह किया जो देश की एकता को खतरे में डालती है। वर्तमान और आगामी चुनावों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उस गुट के प्रति आगाह किया जो पूरी तरह से सकारात्मक राजनीति से रहित है और असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मोदी ने कहा, हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखने के लिए अपने प्रयास हमेशा जारी रखने होंगे। हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें उसमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का यही एकमात्र तरीका

## अमृत वन में परिवर्तित होगी देशभर से लाई गई मिट्टीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के 7500 से अधिक स्थानों से मिट्टी दिल्ली लाई गई है। वह अब अमृत वन में परिवर्तित की जाएगी। शाह ने मंगलवार को दिल्ली में "मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा" के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश भर से जो पवित्र मिट्टी दिल्ली लाई गई है, वह अमृत वन में परिवर्तित होगी। अमृत कलश जो 25 साल तक हमें महान भारत की रचना की प्रेरणा देता रहेगा।

# योगी कैबिनेटः 20 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

एफडीआई : 100 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर यह नीति लागू होगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्ताव पास हुए हैं। कैबिनेट के समक्ष कुल 21 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए थे। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसलों के बारे में विस्तार जानकारी दी है। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अवस्थापना एवं औदयोगिक निवेश नीति अंतर्गत सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड व एलजी समूह के सबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। एफडीआई के माध्यम से निवेश पॉलिसी को मंजूरी। 100 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर यह नीति लागू होगी। लैंड परचेज सुविधा, स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल इन्वेस्टमेंट मे 25 से 30 फीसदी की सुविधा दी जाएगी। यह नीति 05 वर्ष के लिए लाई गयी है। जनपद मिजार्पुर, सोनभद्र में जनजातीय संग्रहालय स्थापना का प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट होगा। संग्रहालय में थारु, बुक्सा, गोंड, खरवार, सहरिया, बैगा, अगरिया, पटारी, चेरो, कोल आदि 15 जनजातियां शामिल होंगी।

## नई शीरा नीति को मंजूरी दी गयी

**पीएम** उज्वला योजना के लाभार्थियों हेतु निशुल्क सिलेंडर दिये जाने को मंजूरी मिली है। आबकारी विभाग हेतु नई शीरा नीति को मंजूरी दी गयी है। इससे किसानों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना अंतर्गत छह प्राधिकरण को भूमि अर्जन हेतु राशि उपलब्ध करवाए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ। अयोध्या विकास प्राधिकरण को 30 करोड़, वाराणसी आवास विकास परिषद को 400 करोड़, मुरादाबाद प्राधिकरण को 200 करोड़, कानपुर न्यू सिटी योजना हेतु 150 करोड़ को मंजूरी दी गयी है।

**फास्ट न्यूज**

## 'हैकिंग' के आरोप पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के** विपक्षी दलों के कई दिग्गज नेताओं ने दावा किया है कि उन्हें कल रात फोन निमार्ता कंपनी की ओर से एक चेतावनी जारी की गई है। दरअसल, कुछ पत्रकारों को भी 'अस्रस्र'ी' की ओर से चेतावनी दी गई है कि राज्य प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके फोन को निशाना बनाया जा रहा है। कुछ नेताओं ने इस सूचना को लेकर जानकारी भी साझा की है। इन विपक्षी नेताओं में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुवेर्दी, आप सांसद राघव चड्ढा, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा समेत कई नेता शामिल हैं। हालांकि, इन दावों के बीच एपल कंपनी ने एक बयान जारी किया है। कंपनी की ओर से कहा गया, 'एप्पल खतरे की सूचनाओं का श्रेय किसी विशिष्ट राज्य-प्रायोजित हमलावर को नहीं देता है। राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से वित्त पोषित और परिष्कृत होते हैं और उनके हमले समय के साथ विकसित होते हैं। ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है, जो अक्सर अपूर्ण और अपूर्ण होते हैं। यह संभव है कि कुछ एप्पल खतरे की सूचनाएं गलत अलार्म हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता है।

## समुद्री गश्ती विमान इल्युशिन-38 की विदाई

**नई दिल्ली।** नौसेना के इल्युशिन-38 सी ड्रैगन लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान ने देश के लिए 46 साल की शानदार सेवा के बाद मंगलवार को विदाई ली। विदाई के समय विमान को नौसेना की परंपरा निभाते हुए वाटर सैल्यूट दिया गया। यह विमान आखिरी सार्वजनिक प्रदर्शन के दौरान नई दिल्ली में 2023 के गणतंत्र दिवस के फ्लाईपास्ट में भी शामिल हुआ था। नौसेना ने इनकी जगह पहले ही समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी अमेरिकी विमानों पी-8 आई को शामिल किया है।
नौसेना में हवाई लंबी दूरी की समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी युद्ध के आधुनिक युग की शुरूआत के साथ इसे कमीशन किया गया था। दुश्मनों की पनडुब्बियों का शिकार करने के लिए 01 अक्टूबर 1977 को 05 आईएल-38 विमान हवाई बेड़े में शामिल किये गए थे।

# फिर गर्माया कनार्टक-महाराष्ट्र में सीमा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु/बेलगावी**
**बेलगावी** प्रशासन ने महाराष्ट्र के तीन मंत्रियों और एक सांसद को इस सीमावर्ती जिले में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।
कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उन्हें चेतावनी दी है कि अगर वे कर्नाटक या कन्नड़ के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होंगे या बयान देंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 1 नवंबर को कर्नाटक स्थापना दिवस है और इस अवसर पर महाराष्ट्र एकीकरण समिति ने काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराजे देसाई, चंद्रकांत पाटिल, दीपक केसरकर और सांसद धैर्यशील माने के एमईएस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।



**'कर्नाटक राज्योत्सव' को काले दिन के रूप में मनाता है महाराष्ट्रः** बता दें कि महाराष्ट्र एकीकरण समिति लंबे समय से राज्य के कई मराठी भाषी क्षेत्रों और गांवों के महाराष्ट्र में विलय के लिए लड़ रहा है। यह समिति हर साल 'कर्नाटक राज्योत्सव' को काले दिन के रूप में मनाता है। महाराष्ट्र के मंत्रियों ने हाल ही में कोल्हापुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने सीमा मुद्दे पर उनका समर्थन मांगा था।

**विवाद**

**8 बेलगावी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे महाराष्ट्र के 3 मंत्री और 1 सांसद, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**

## कल आचार समिति के सामने पेश होंगी मोइत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तृणमूल** कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार (31 अक्टूबर) को 'कैश फॉर क्वेरी' मामले को लेकर कहा कि वो 2 नवंबर को लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होंगी। इस बीच महुआ ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'फर्जी आरोप' को साबित करने के लिए बीजेपी के पास कोई सबूत नहीं है। इससे पहले महुआ मोइत्रा ने लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा था।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को लोकभवन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी शिष्टाचार भेंट करते हुए।


# चंद्रबाबू को हाईकोर्ट से चार हफ्तों की अंतरिम जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/अमरावती**
**आंध्र प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उन्हें कौशल विकास घोटाले मामले में चार हफ्तों की अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को 24 नवंबर तक के लिए सशर्त जमानत दी है।

**24 नवंबर को करना होगी आत्मसमर्पणः** कोर्ट की ओर से जारी जमानत के आदेश में नायडू को निर्देश दिए गए हैं कि उन्हें चार हफ्तों बाद (24 नवंबर) को आत्मसमर्पण करना होगा। मामले में कोर्ट मुख्य जमानत याचिका पर 10 नवंबर को सुनवाई करेगी। साथ ही निर्देश है कि नायडू चिकित्सीय जांच के लिए सिर्फ अस्पताल जा सकते हैं। इसके अलावा उन्हें किसी भी अन्य कार्यक्रम में जाने की अनुमति नहीं होगी। हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को मीडिया और राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा न लेने का आदेश दिया है।

**10 सितंबर को हुई थी गिरफ्तारीः** गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को राज्य के कौशल विकास निगम से जुड़े कथित 371 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में 10 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह राजमुंदरी सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

**विशेष अदालत में लगाई थी गुहारः** दरअसल, पिछले हफ्ते चंद्रबाबू नायडू ने एक विशेष अदालत को पत्र लिखकर जेल में सुरक्षा खामियों को उजागर किया था। साथ ही उन्होंने जेल में बेहतर व्यवस्था की अपील करते हुए मांग रखी थी कि उन्हें जेड+ श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया जाए, जैसे की उन्हें जेल के बाहर प्राप्त है।



## अवैध लाइसेंसिंग मामले में भी हैं आरोपी

**आपराधिक** जांच विभाग द्वारा चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी ने प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल को जन्म दिया था। साथ ही टीडीपी समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प की खबरें भी सामने आईं थीं। नायडू को अपने शासन काल में शराब कंपनियों को कथित तौर पर अवैध लाइसेंस देने के मामले में भी आरोपी बनाया गया है।

# 'सरदार पटेल के विचार देश में लोकतंत्र और एकता का आधार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद थे।
संसद के मौजूदा व पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिरला ने आधुनिक भारत को आकार देने में सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सशक्त संविधान तैयार करने में लौह पुरुष की सराहनीय भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा। हमारे पास एक मजबूत और महत्वपूर्ण संविधान है, जो सरदार पटेल जैसे हमारे नेताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है।
उन्होंने देश की आजादी के समय विभिन्न रियासतों को एकजुट करते हुए उन्हें नवगठित राष्ट्र में शामिल करने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के कारण ही सरदार पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार की उपाधि मिली।



**लौहपुरूष**

**8 रियासतों को एकजुट करते हुए उन्हें नवगठित राष्ट्र में शामिल करने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया**

# नोएडा, ग्रेनो में रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं 2025 तक होंगी पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली समूह की रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं में अब तक लगभग 13,500 फ्लैट का निर्माण पूरा कर लिया है। मार्च, 2025 तक इन परियोजनाओं में बाकी लगभग 25,000 फ्लैट का निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से आम्रपाली की रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है। इसके लिए एक अलग इकाई 'आम्रपाली स्टाल्ड प्रोजेक्ट्स इन्वेस्टमेंट रिकंस्ट्रक्शन इस्टैबिलिसमेंट' (एस्पायर) का गठन किया गया है।
एनबीसीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी ने कहा, एनबीसीसी के अनुसार 25 आवास परियोजनाओं में कुल 46,575 अपार्टमेंट बनने थे।

## 'तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ना थोड़ा मुश्किल'

**बेंगलुरुः** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने निर्देशानुसार पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को पानी छोड़ने में राज्य की असमर्थता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उसके कावेरी बेसिन में पर्याप्त पानी नहीं है।

**कृष्णराज सागर बांध का प्रवाह कमः** मालूम हो कि उनका बयान कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) ने सोमवार को कर्नाटक को 1 नवंबर से 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को प्रति दिन 2,600 क्यूसेक पानी छोड़ने की सिफारिश की थी, जिसके बाद डी के शिवकुमार का बयान सामने आया है।

**भव्य मंदिर** गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद उनकी पूजा का अवसर सबको मिलना चाहिए

# जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का 48 दिनों तक होगा विशेष पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**अयोध्या** में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य एवं दिव्य मंदिर के गर्भगृह में रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अगले 48 दिनों तक उनका विशेष पूजन होगा। राम सबके हैं इसलिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने योजना बनाई है कि गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद उनकी पूजा का अवसर सबको मिलना चाहिए। इसलिए 48 दिनों तक चलने वाले विशेष पूजा अनुष्ठान में देश के सभी प्रांतों के विद्वान अलग-अलग दिनों में आकर पूजा में सहभागी बनेंगे।



सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रचना के अनुसार 48 प्रांत हैं। इसलिए एक दिन में एक प्रांत के 11 लोग आएंगे। इन 11 लोगों में धर्म एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले ऐसे लोग होंगे जो अपने-अपने बल पर समाज सेवा का कोई न कोई प्रकल्प चला रहे हों। 48 दिनों तक चलने वाला यह अनुष्ठान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि जी महाराज की देखरेख में संपन्न होगा। तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने से पहले 17 जनवरी को अयोध्या के नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। नगर भ्रमण का रूट क्या होगा इसका निर्धारण 05 नवंबर को अयोध्या में होने वाली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में होगा। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा के रथ में रखी जाने वाली श्रीराम की मूर्ति का निर्माण कारसेवकपुरम में चल रहा है। ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार कारसेवकपुरम में तीन मूर्तियां बनाई जा रही हैं।

**सहभागी**

**8 विशेष पूजा अनुष्ठान में देश के सभी प्रांतों के विद्वान अलग-अलग दिनों में आकर पूजा में सहभागी बनेंगे**

# 'अरविंद केजरीवाल को किया जा सकता है गिरफ्तार'

## केंद्र सरकार का एक ही मकसद है किसी भी तरीके से आम आदमी पार्टी को खत्म करना: आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपक काण्डपाल**

**दिल्ली** के तथाकथित आबकारी घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए जारी नोटिस के बाद आम आदमी पार्टी (आप) को केजरीवाल की गिरफ्तारी का डर है।

**आप को खत्म करना चाहती है भाजपा:** नोटिस के बाद मंगलवार को प्रेसवार्ता कर कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार की ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है। इस नोटिस से साफ हो जाता है कि केंद्र सरकार का एक ही मकसद है किसी भी तरीके से आम आदमी पार्टी को खत्म करना है। आप को खत्म करने लिए वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही है। वह किसी भी तरीके से फर्जी केस बनाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजना चाहते हैं जिससे आम आदमी पार्टी को खत्म किया जा सके।

**केजरीवाल पीएम के जीत के रथ को रोक सकते हैं:** उन्होंने कहा कि मोदी जी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने थे उसी समय से उन्हें डर है कि उनकी जीत का रथ एक ही नेता रोक सकता है। वह है- अरविंद केजरीवाल। आज तक दिल्ली की जीत इस बात का सबूत हैं। इसी के डर से केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि अगर दो नवंबर को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो साफ है कि पूरी आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी केवल आम आदमी पार्टी पर ही समाप्त नहीं होने वाली है। इसके बाद विपक्ष के दूसरे दलों के नेताओं को भी इसी तरह गिरफ्तार किया जाएगा।






**साधा निशाना**

8 आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार की ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है

### आप सरकार ने 'शराब पॉलिसी क्यों बदली?' बीजेपी ने पूछा सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिलने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी द्वारा समन भेजने के बाद भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर जुबानी हमला तेज कर दिया है। ताजा मामले में भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने आज मंगलवार को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कई सवाल पूछे हैं।

**खुद को खत्म कर रही है आप:** भाजपा नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का आरोप है कि सरकार उनको खत्म कर रही है। जबकि हमारा मानना है कि आम आदमी पार्टी खुद को खत्म कर रही है।

कमीशन खाने वाली शराब नीति बनाने के लिए क्या केंद्र सरकार ने कहा था?

"बिना केजरीवाल के इशारे के नहीं हो सकता इतना बड़ा घोटाला"

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि इतना बड़ा घोटाला केजरीवाल के इशारे के बिना नहीं हो सकता है। केजरीवाल को ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है। पहले सीबीआई भी पूछताछ कर चुकी है। यह कानूनी प्रक्रिया है। इससे भाजपा का कोई संबंध नहीं है। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह बार-बार आबकारी घोटाले को फर्जी बताते थे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के सभी सदस्य बार बार कहते थे कि ये मामला फर्जी है।

# राघव चड्ढा ने किया फोन हैक करने का दावा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विपक्ष** लगातार सत्ता पक्ष पर विपक्षी दलों के नेताओं के फोन ट्रेस कराने को लेकर सवाल उठा रहे हैं। अब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने अपना फोन हैक किए जाने का दावा किया है। साथ ही उन्होंने आईफोन की ओर से आए सिक्योरिटी थ्रेट अर्लट मैसेज भी साझा किया है।

**ये लोकतंत्र को खत्म करने की चाल है: आप नेता**

आप नेता ने अपने फोन हैक का दावा करते हुए कहा कि यह भाजपा की संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की एक सोची समझी चाल है और यह देश के हर व्यक्ति की प्राइवेसी और सुरक्षा के ऊपर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

**इन विपक्षी नेताओं ने भी किया फोन हैकिंग का दावा**

वहीं, उन्होंने यह भी दावा किया की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ओएसडी को भी आया सिक्योरिटी अलर्ट मैसेज आया है। इससे पहले कई विपक्षी नेताओं पवन खेड़ा, प्रियंका चतुर्वेदी और शशि थरूर जैसे दिग्गज नेताओं को भी एप्पल की तरफ से साइबर अटैक का मैसेज आया था।

# दिल्ली में क्लाउड किचन को लेकर बनी नीति




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ऑनलाइन** प्लेटफार्म के बढ़ते उपयोग के चलते राजधानी में फिलहाल क्लाउड किचन, इंडीपेडेंट किचन, सेलेटलाइट किचन, डार्क किचन के लिए लाइसेंस देनी की कोई नीति नहीं है। जो किचन चल भी रहे हैं, उन्हें रेस्तरां और ढाबे की शर्तों के आधार पर ही फिलहाल लाइसेंस दिया जा रहा है।

**एक वर्ष के लिए लाइसेंस जारी होगा:** ऐसे में इसकी बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने इसके लिए अलग से नीति बनाई है, जिसमें निगम एक वर्ष के लिए लाइसेंस जारी करेगा। इस नीति के तहत गैर रिहायश के लिए उपयोग होने वाले उसी प्लाट पर लाइसेंस दिया जाएगा, जिसमें नौ वर्गमीटर न्यूनतम फ्लोर एरिया होगा, जबकि इमारत की ऊंचाई तीन मीटर से कम नहीं होनी चाहिए।

**नीति से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर:** निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने जो नीति तैयार की है, उसके तहत कई शर्तें बनाई गई है, जिनके पालन पर ही लाइसेंस जारी किया जाएगा।

**लाईसेंस**

8 जो किचन चल भी रहे हैं, उन्हें रेस्तरां और ढाबे की शर्तों के आधार पर ही फिलहाल लाइसेंस दिया जा रहा

इसके लिए 20 हजार रुपये का एक बार का पंजीकरण शुल्क तय का करने प्रस्ताव है। लाइसेंस देने के लिए एक हजार रुपये की प्रक्रिया फीस होगी। वहीं, 500 प्रति वर्गमीटर के हिसाब से लाइसेंस दिया जाएगा। निगम के अनुसार, इस नीति से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**क्या होगी प्रमुख शर्तें**

प्रत्येक वर्ष लाइसेंस की अवधि की समाप्ति से 90 दिन पूर्व नवीनीकरण को आवेदन करें।

किचन के बाहर इसकी जानकारी वाला बोर्ड भी बाहर लगाना होगा'

सूखे राशन के भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए '

उपयोग होने वाले बर्तन और जग स्टील के होने चाहिए।

# इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर खरगे ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए इंदिरा गांधी की सराहना की। भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज ही के दिन 1984 में उनके अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी। खरगे और पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने यहां पूर्व प्रधानमंत्री को उनके स्मारक 'शक्ति स्थल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में खरगे ने देश के प्रति उनके समर्पण को उजागर करने के लिए इंदिरा गांधी का एक उद्धरण पोस्ट किया।

# एक नवंबर से बीएस-4 बसों की दिल्ली में एंट्री पर नहीं होगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार ने टूरिस्ट बस संचालकों को बड़ी राहत दे दी है। अब आगामी एक नवंबर से बीएस-4 श्रेणी की टूरिस्ट बसों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक नहीं रहेगी। परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त शहजाद आलम ने साफ किया है कि लंबी तक चलने वाली टूरिस्ट बसों पर रोक नहीं रहेगी।

**टूरिस्ट बसों को लेकर लिया फैसला:** दिल्ली से दूसरे राज्यों की लंबी दूरी पर जाने और वहां से वापस आने वाली बसों को परिवहन विभाग दिल्ली में प्रवेश को नहीं रोकेगा। डीजल से चलने वाली बीएस-4 श्रेणी की टूरिस्ट बसों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर टूरिस्ट बसों के संचालक आंदोलन की राह पर आ गए थे, क्योंकि परिवहन विभाग के आदेश में टूरिस्ट बसों का जिक्र नहीं था।



परिवहन विभाग की ओर से भी इस बारे में कोई बयान नहीं आया था, जिसके चलते ट्रांसपोटरों के सामने उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। इसे लेकर दिल्ली कांट्रेक्ट बस एसोसिएशन व आल इंडिया लग्जरी बस यूनियन आदि के पदाधिकारियों ने परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त शहजाद आलम के साथ बैठक की, जिसमें ट्रांसपोर्टरों ने अपनी बात रखी। दिल्ली कांट्रेक्ट बस एसोसिएशन के महासचिव हरीश सब्बरवाल ने कहा है कि टूरिस्ट बसें एनसीआर परमिट के तहत नहीं आती हैं और न ही वे लोग अपनी बसें दिल्ली-एनसीआर के बीच चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आदेश में कहीं भी टूरिस्ट बसों का जिक्र नहीं है। मगर परिवहन विभाग स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहा है। वहीं बैठक में शामिल आल इंडिया लग्जरी बस यूनियन के अध्यक्ष श्यामलाल गोला ने भी आल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसों को लेकर स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने से बस मालिकों के सामने बड़ी आर्थिक समस्या खड़ी हो जाएगी। एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरुमीत सिंह तनेजा, दलजीत सिंह बिंद्रा व अमरजीत सहगल ने भी अपनी बात रखी।

**रोक नहीं**

8 परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त आलम ने साफ किया है कि लंबी तक चलने वाली टूरिस्ट बसों पर रोक नहीं रहेगी

**जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन:** डीजल की बीएस-4 श्रेणी की टूरिस्ट बसों को एक नवंबर से अनुमति देने की मांग को लेकर दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कीया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि प्रदूषण के नाम पर हरियाणा,राजस्थान और उत्तर प्रदेश की डीजल की बीएस-4 श्रेणी की बसों को एक नवंबर से दिल्ली में प्रवेश रोकने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। सम्राट ने कहा है कि हमारी बीएस-4 डीजल बसें भी आल इंडिया टूरिस्ट परमिट के अंतर्गत हैं। इस पर रोक नही है इस बारे में परिवहन विभाग को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि काफी ट्रांसपोर्टर्स ने 2019 के आखरी महीने में डीजल की बीएस-4 बसें खरीदीं अब तीन सालों में से दो साल कोरोना के चलते पार्किंग में ही खड़ी रही थीं, अब इन गाड़ियों का क्या होगा?

# दिल्ली में छाई जहरीली धुंध की चादर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हवा** की धीमी गति और बारिश की बेरुखी ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए अक्टूबर का महीना दमघोंटू बना दिया है। आज यानी 31 अक्टूबर को सुबह से ही पूरे दिल्ली-एनसीआर में जहरीली धुंध की ऐसी चादर छाई हुई है कि हर ओर धुआं-धुआं ही दिख रहा है। दोपहर 1.00 बजे कई इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार जा पहुंचा। इनमें सोनिया विहार का सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली के मुंडका में दोपहर करीब 1.00 बजे एक्यूआई 428 मापा गया। वहीं दिल्ली के पूठ खुर्द, बवाना में एक्यूआई लगातार 410 पर कायम है। दिल्ली के अधिकतर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार है।



**9 सालों में 2021 का अक्टूबर था सबसे साफ**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2015 से 2023 के दौरान 2021 का अक्टूबर सबसे साफ रहा था।

**दमघोंटू**

8 हवा की धीमी गति और बारिश की बेरुखी ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए अक्टूबर का महीना दमघोंटू बना दिया

# सोते समय आधी रात को घर में लगी आग, 1 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिण-पश्चिम** दिल्ली के पालम इलाके से दर्दनाक घटना सामने आई है। पालम में मंगलवार को तड़के सुबह एक घर में आग लग गई, जिसमें दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई है। वहीं, आग से लगने से पति व उसके दो बेटे मामूली रूप से घायल हो गए हैं।

**रात में करीब दो बजे लगी आग:** पुलिस ने बताया कि दिल्ली के पालम की गली नंबर 17 में रात में करीब दो बजे एक घर में आग लग गई। उस दौरान परिवार सो रहा था। आग की सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

**महिला की जलकर हो गई मौत:** परिवार के लोगों को दमकलकर्मियों और पड़ोसियों की मदद से बाहर निकाला गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर काबू पाने के बाद ही रेनू को बाहर निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी। उसका शव आधा जला हुआ था।



**मौत**

8 पालम में मंगलवार को तड़के सुबह एक घर में आग लग गई, जिसमें दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई ह

**शॉर्ट सर्किट आग लगने की आशंका:** पुलिस ने कहा कि मृतक महिला के पति पप्पू गुप्ता और उनके दो बेटे मामूली रूप से झुलस गए और उन्हें अस्पताल भेजा गया। प्रथम द्दष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# दंगे में कांस्टेबल पर गोली चलाने वालों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली दंगे में** दयालपुर इलाके में पिस्टल से गोली मारकर कांस्टेबल को घायल करने वाले दो दोषियों को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सजा सुनाई। हत्या का प्रयास समेत कई आरोपों के लिए दोषी ठहराए गए इमरान उर्फ माडल को सात वर्ष और इमरान को पांच वर्ष कैद की सजा दी गई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचल के कोर्ट ने आदेश में टिप्पणी करते हुए कहा कि इन दोनों के द्वारा किया गया कृत्य कोई हल्का अपराध नहीं है। दयालपुर थाना क्षेत्र में ब्रजपुरी पुलिया के पास नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रही भीड़ ने 25 फरवरी 2020 को दंगा किया था। वहां पर दंगाइयों ने स्कूल, घर और दुकानों में आग लगाई थी।

**भीड़ को भगाने के लिए दागे आंसू गैस के गोले:** इसी दौरान आंसू गैस के गोले दाग कर भीड़ को तितर-बितर करने के काम में लगे कांस्टेबल दीपक पर किसी ने गोली चला दी थी, जोकि उनके दाहिने पैर में लग गई थी। इस मामले में पंजीकृत प्राथमिकी में न्यू मुस्तफाबाद निवासी इमरान उर्फ माडल और नेहरू विहार निवासी इमरान को आरोपित बनाया गया था। ट्रायल के दौरान पीड़ित कांस्टेबल ने कोर्ट में बयान दिया था कि 25 फरवरी 2020 की शाम 7:30 से आठ बजे के बीच भीड़ मुस्तफाबाद की ओर से आई थी। लोगों के हाथ में लाठी, रॉड और ज्वलनशील पदार्थ था। रात करीब नौ बजे भीड़ उग्र हो गई थी, लोगों ने आगजनी शुरू कर दी थी। पीड़ित ने दोनों आरोपितों की दंगाई के रूप में पहचान की थी। एक अन्य पुलिसकर्मी ने गवाह के तौर पर दोनों आरोपितों को पहचाना था।



**गोली चलाना सामान्य कृत्य नहीं:** इस मामले में कोर्ट ने 31 अगस्त को इमरान उर्फ माडल और इमरान को दोषी ठहराते हुए कहा था कि गोली चलाना सामान्य कृत्य नहीं होता। पिस्टल चलाने वाले को यह पता होता है कि गोली लगने से किसी की मौत हो सकती है। यह संयोग ही था कि गोली पुलिसकर्मी के पैर में लगी, शरीर के किसी ऐसे हिस्से में नहीं जहां घातक होती। पीड़ित कांस्टेबल ने मुआवजे के लिए दावा करते हुए कोर्ट को बताया कि उसकी 80 हजार रुपये की कलाई घड़ी और 17 हजार रुपये कीमत का मोबाइल घटना के वक्त खो गया था।

# बरसात की बेरुखी ने बिगाड़ी दिल्ली की आबोहवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वर्षा की बे**रूखी ने इस साल अक्टूबर में ही हवा का हाल "बेहाल" कर दिया है। पिछले दो वर्षों की तुलना में अबकी बार ना केवल माह का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) बढ़ गया है बल्कि स्वच्छ हवा के दिन भी घट गए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2015 से 2023 के दौरान 2021 का अक्टूबर सबसे साफ रहा था। वर्ष 2022 में यह उससे ज्यादा प्रदूषित रहा तो 2023 और भी प्रदूषित दर्ज किया गया है।

**अच्छी श्रेणी में नहीं पहुंची एक भी दिन हवा:** इस साल एक से 30 अक्टूबर के दौरान एक भी दिन "अच्छी" श्रेणी का एक्यूआइ नहीं रहा। "संतोषजनक" श्रेणी भी सिर्फ एक ही दिन रही।

"मध्यम" श्रेणी के 12, "खराब" श्रेणी के 13 और "बहुत खराब" श्रेणी के चार दिन रहे। मंगलवार को माह का आखिरी दिन भी "बहुत खराब" श्रेणी में ही रहने वाला है।

**अटकलें...** शराब घोटाले के आरोप सही होने पर क्या खत्म होगी पार्टी की मान्यता?

# शराब घोटाला: आम आदमी पार्टी के अस्तित्व पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शराब घोटाले में** अरविंद केजरीवाल के भी फंसने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि दो नवंबर को जब वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने पूछताछ के लिए पेश होंगे, उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। चूंकि, आरोप लगाये जा रहे हैं कि शराब घोटाले का पैसा आम आदमी पार्टी के लिए इस्तेमाल किया गया है, आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में एक आरोपी बना दिया गया है। तो क्या यदि शराब घोटाले के आरोप सही सिद्ध होते हैं, तो इसका असर आम आदमी पार्टी के अस्तित्व पर भी पड़ सकता है? सीधे शब्दों में कहें तो क्या (शराब घोटाले में दोषी करार होने के बाद) आम आदमी पार्टी की मान्यता समाप्त हो सकती है और वह चुनाव लड़ने के योग्य करार दी जा सकती है? सर्वोच्च न्यायालय के टॉप वकीलों से हमने इस मुद्दे पर विस्तृत बात की और इस मामले के कानूनी पहलुओं को समझने की कोशिश की। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील अश्विनी कुमार दुबे ने बताया कि कोई राजनीतिक दल कोई व्यापारिक फर्म या कंपनी नहीं होती। वह किसी वित्तीय लेनदेन से नहीं जुड़ी होती। लिहाजा उसे किसी वित्तीय कदाचार के लिए सीधे तौर पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन पार्टी के किसी पद पर बैठे व्यक्ति के द्वारा पैसे की लेनदेन का कोई गलत कार्य किया जाता है, तो उस पर आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है। इस मामले में दोषी साबित होने पर उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। यदि एक राजनीतिक दल के तौर पर कोई गलत निर्णय लिया गया है, तो इसके लिए उस पर विभिन्न कानूनी प्रावधान लागू होते हैं। ऐसे मामले में पार्टी को एक आरोपी बनाया जा सकता है।




**आप की बढ़ी परेशानी**

8 आरोप लगाये जा रहे हैं कि शराब घोटाले का पैसा आम आदमी पार्टी के लिए इस्तेमाल किया गया है आप को भी इस मामले में एक आरोपी बना दिया

## संपादकीय

# अकर्मण्यता की निराशा से जन्मा पलायनबाद

**यह** बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि आक्रमण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके' कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है' निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है।

# अमृतकाल और अखंड भारत का प्रतिबिंब



**जी. किशन रेड्डी**

> "'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे"

**लाल** किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- 'यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता थाङ्कजिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया हैङ्ग'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।' अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ,2004-2014 के "खोए हुए दशक" से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति




दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निमार्ता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, "राष्ट्रीय एकता" का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा "लोगों की जी-20" में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और "वसुधैव कुटुंबकम" की पुष्टि की। "राष्ट्रीय एकता दिवस" केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दशार्ता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है। यह सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सच्चे लोकतंत्र का आधार बनकर अमृतकाल के आशा से भरे युग में प्रवेश कर गया है।

## कविता

### बेचारे मोहरे

शतरंज के खेल में ही नहीं
सत्ता के खेल में भी
राजा सबसे पीछे ही रहता है
प्यादे ही आगे रहते हैं
प्यादों को ही लड़ना पड़ती है
जमीनी लड़ाई
प्यादों के साथ ऊंट,घोड़ा,हाथी भी
राजा के बचाव में न्योछावर होते हैं
राजा वजीर को भी लगाता है दांव पर
राजा तब भी खुद सीधे नहीं लड़ता
रानी को भी तो वह कर देता है आगे
उसे लगता है कि उसका बचा रहना जरूरी है
रानी की शक्ति से किसे इंकार
फिर भी रानी भी साधन ही तो है
राजा हमेशा साध्य बना रहता है
सभी राजा के लिए न्योछावर हैं
प्यादे लड़ते-मरते हैं
राजा आखिर राजा है
शायद इसीलिए
वह कभी आगे नहीं रहता
रहते प्यादे ही आगे हैं
और पिटते रहते हैं हरदम
इसी तरह चलता रहता है
शह-मात का खेल
और पिटते रहते हैं बेचारे मोहरे।

डॉ प्रदीप

# भारतीय विपक्ष ले रहा हमास का पक्ष!

**मृत्युंजय दीक्षित**

**फिलिस्तीन के** आतंकी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर भीषण हमला कर उसके लगभग 1400 नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। लगभग 200 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया। मानवता के इन दुश्मनों ने इस हमले में क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। बच्चों के सामने माता-पिता को मार देने फिर मासमूं को जलाकर कोयले में बदल देने जैसी जघन्य हरकत की। ऐसी बर्बरता और अपने नागरिकों की दुर्दशा को देखकर इजराइल का शोक और क्रोध में डूबना स्वाभाविक है। इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। इस प्रकरण में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता ( जीरो टॉलरेंस ) की नीति का पालन करते हुए इजराइल को समर्थन देने की घोषणा के साथ फिलिस्तीन और इजराइल के मध्य वार्ता के माध्यम से समस्या के स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधरता की है। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर भारत के प्रतिनिधि ने इसे रेखांकित भी किया। इस प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले की निंदा न होने के कारण स्वयं को मतदान से अलग रखा। भारत के इस संतुलित कदम की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। स्वाभाविक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय घटना का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति में भी दिखाई पड़ रहा है। विरोधी दलों का इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा को हराने के लिए इसका राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास में है। सात अक्टूबर को जब हमास ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक की तो भारत के किसी भी विरोधी दल के नेता ने इस आतंकी घटना की निंदा नहीं की। किंतु जैसे ही इजराइल की सेना ने हमास के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान प्रारम्भ किया वैसे ही ये सोते से जाग गए और फिलिस्तीन के नाम पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को साधने का प्रयास करने लगे। यह सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हमास व हिजबुल्लाह जैसे संगठन बहुत ही खतरनाक और क्रूर आतंकवादी संगठन हैं। भारत में क्योंकि अगले कुछ माह में पांच राज्यों और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल मुसलमानों के वोट पाने के लिए हमास जैसे आतंकवादी संगठन का साथ देते दिख रहे हैं। वोट बैंक को रिझाने के लिए ये कितना नीचे जा सकते हैं इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इजराइल पर हमला करने के बाद हमास के जिन आतंकवादियों ने एक महिला के नग्न शव की परेड निकाली, भारत में मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने में जुटी लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस की एक नेता फिलिस्तीन के पीछे छुपकर उसी हमास के समर्थन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और इस कुकृत्य की निंदा करने के बजाय इजराइल द्वारा आत्मरक्षा के लिए गाजा पर की जा रही बमबारी की निंदा कर रही हैं।

## विचार

# बढ़ते प्रदूषण को रेखांकित करना जरूरी

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां में प्रदूषण एक ज्वलंत मुद्दा है, इसमें लोगों की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित होती है। आधिकारिक रूप से भारत दुनियां का तीसरा सबसे वायु प्रदूशित देश है और गुड़गांव गाजियाबाद संसार के सबसे प्रदूषित टॉप फाइव टाउनशिप हैं और भारत में सबसे अधिक प्रदूषित टाउनशिप की श्रेणी में है। अगर हम दिनांक 30 अक्टूबर 2023 का वायु गुणवत्ता सूचकांक देखें तो राजधानीदिल्ली क्यूएमके 322 गंभीर स्थिति में बना हुआ है,जिसे रेखांकितकरना जरूरी है। प्रदूषण कारक के रूप में मानवीय जीवको अधिक दोष दिया जा सकता है, क्योंकि हम वर्तमान कुछ सुख सुविधाओं के लिए अपने भविष्य और आने वाली पीढियां की खुशियों का गला घोट रहे हैं हमें वर्तमान में विकास और प्रकृति संरक्षण के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखना की जरूरत है। पर्यावरण की रक्षा करने केअनेकों कानून संसद और विधानसभाओं ने पारित किए हैं। परंतु मेरा विचार है कि एक तथ्य की और मानवता की खातिर सामाजिक और सामूहिक योगदान देने की जरूरत है, वह है परिवार एक वाहन अनेक से बढ़ते प्रदूषण को रेखांकित करना होगा। क्योंकि जिस तेजी के साथवाहन बढ़ रहे हैं, परिवार में हर सदस्य के लिए वाहन एक स्टेटस के लिए, ट्रैफिक जाम में के चलते प्रदूषण, पारिवारिक सदस्यों के विषम टाइमिंग्स के चलते वाहनों के चलन का दुरुपयोग सहित अनेको कारक हैं जो प्रदूषण को बढ़ाते हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वाहनों की बढ़ती संख्या से वायुमंडल पर विपरीत असर को नकारा नहीं जा सकता। साथियों बात अगर हम प्रदूषण बढ़ने के पारिवार एक वाहन अनेक सहित कुछ कारकों की करें तो, हमारे चेहरों परआबो हवा ने जो मास्क चढ़वा दिए हैं , उनसे भी खतरनाक वो मास्क हैं जो हमने जान बूझकर अपने दिमागों पर पहन रखे हैं। अब भी अगर जमीर में न झाँका तो न आँखें बचेंगी , न दिमाग और न जमीर, क्या ये सच नही कि अपनी गाड़ी आज भी इस देश में सुविधा से कहीं ज्यादा , एक स्टेटस सिंबल है ? जितनी ज्यादा गाड़ियाँ, उतना महत्वपूर्ण हमें हमारा होना लगता है ? बेटे की सार्थकता तब तक सिद्ध नहीं होती जब तक बहु के माता-पिता अपनी खुशी से उसे गाड़ी न दें ,और बेटा /पति तब तक सफल कैसे साबित हो जब तक वो हर दूसरे साल और बड़ी गाड़ी न खरीद ले ? क्या ये सच नहीं की हम में से सब ने कभी न कभीपर्यावरण से जुड़े किसी न किसी कानून का उल्लंघन किया है, पानी बर्बाद करना , निर्धारित लिमिट से अधिक कंस्ट्रक्शन करना करवाना , पटाखे चलाना , कूड़ा जलाना , घर को साफ करके कूड़ा कहीं भी जाए इसकी परवाह नहीं करना , गाड़ी के प्रदूषण सर्टिफिकेट /चेक पर ज्यादा ध्यान न देना,नदियों में कुछ न कुछ प्रवाहित करना ? इसके अलावा बहुत कुछ जिसके खिलाफ कोई कानून नहीं पर हम करते हैं।हर कमरे में एसी लगवाना , एक से अधिक गाड़ी रखना , छोटी दूरियों के लिए भी पैदल नहीं जाना, पेड़ नहीं लगाना, पौधे नहीं लगाना, बचाव और रोकथाम पर ध्यान न देकर चमत्कारी घरेलू नुस्खे खोजना जब समस्या हद से ज्यादा न हो, हम ये भूल गए हैं इस खेल में किसी दिन हम सबकी ही मात होने वाली है। साथियों बात अगर हम दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के एक कारक की करें तो, सबसे अधिक करीब 80 लाख दोपहिया वाहन और उसके बाद करीब 35 लाख कार पंजीकृत हैं। चिंताजनक यह भी है कि दिल्ली में चलने वाले 60प्रतिशत से अधिक वाहन बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के रफ्तार भर रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई करने वाला परिवहन विभाग मुहूर्त निकालकर विशेष जांच अभियान चलाता भी है तो वह खानापूर्ति से ज्यादा कुछ नहीं होता?राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या दूर करने के लिए सरकार से लेकर अदालत तक कोशिशों में जुटी हुई हैं, लेकिन हालात काबू में नहीं आ रहे हैं। सर्दी की दस्तक के साथ ही वातावरण में प्रदूषक तत्व और बढ़ने शुरू हो गए हैं। हर साल दर साल 5.81 प्रतिशत की दर से राजधानी में निजी वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। जहां तक डीजलवाहनों की बात है तो इनकी संख्या


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# केरल की भयावह स्थिति पर चुप्पी खतरनाक

**आशीष राजपूत**

**भगवान** का अपना राज्य कहा जाने वाला केरल वर्तमान में गंभीर संकट का सामना कर रहा है। मसालों व प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए जाना जाने वाला राज्य धीरे धीरे आतंकवाद और धार्मिक कट्टरवाद की जननी बन रहा है। हाल ही में एक ईसाई कार्यक्रम में हुए बम ब्लास्ट की जांच जारी है लेकिन इस आतंकी हमले ने केरल पर चचाएँ शुरू कर दी हैं। अभी तक भारत में आतंकवाद पड़ोसी देशों से आता था क्योकिं वहाँ पर धार्मिक स्कूलों में वो विचार तैयार किये जाते थे लेकिन केरल उसी राह पर आतंकवाद की फैक्ट्री बनने की तरफ अग्रसर है। भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है हिन्दू जनसंख्या का कम होना। कश्मीर, बंगाल, पश्चिमी उत्तरप्रदेश, नेपाल सीमावर्ती यूपी-बिहार, जहाँ भी हिन्दू जनसंख्या घटी है, भारत विरोधी शक्तियों ने अपनी जगह बनाई है। यह भयावह है केरल में हिन्दू जनसंख्या लगभग 50 प्रतिशत पर सिमटकर ही रह गयी है एवं धर्म परिवर्तन इतने बड़े स्तर पर चल रहा है कि मस्जिदों और ईसाई चर्च बड़ी संख्या में स्थापित हो चुके हैं। इन 50 प्रतिशत हिन्दुओं में भी बड़ी संख्या में स्वयं को धर्मनिरपेक्ष व हिन्दू संस्कारों से विमुख हो गये लोगों की संख्या है। प्रदेश में चर्च और मस्जिदों का दखल लगातार बढ़ रहा है। यह कहना अतिश्योक्ति नही है कि प्रदेश की राजनीति ईसाई और मुस्लिम वोट तक सिमित रह गयी है। पाकिस्तानी झंडों के साथ कट्टर हिन्दू विरोधी राजनीति के लिए कुख्यात मुस्लिम लीग केरल में सक्रिय है और हाल ही में प्रतिबंधित मुस्लिम संगठन पीएफआई केरल में मजबूत है। सत्ता में भी ऐसे दल हैं जो हिंसा और रक्तपात के लिए विश्व प्रसिद्ध कम्युनिस्ट विचारधारा के हैं साथ में धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिन्दू विरोधी एजेंडे पर कार्य कर रहे हैं। हिन्दू विरोधी रैलियां, खुलेआम नरसंहार की धमकियां, सैकड़ों हिन्दू संगठन के कार्यकताओं की हत्याएं केरल में होना आज आम बात है। अभी फिलस्तीन के पक्ष में विशाल रैली, उसमें हिंदुत्व को उखाड़ फेंकने की धमकी और हमास आतंकी के सम्बोधन ने केरल की असली तस्वीर दिखा दी है। किस स्तर पर धार्मिक कट्टरता केरल में दी जा रही है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस में जुड़ने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम युवक-युवतियाँ केरल से गयीं।

# संसारचंद का संसार

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जब** पैदा हुए तो घर वालों ने नाम रखा संसारचंद। दसवीं पास कर गया तो माता-पिता को लगा कि हो ना हो संसार घर का नाम रौशन करेगा। जोर लगाया, भिड़ गए सब, खेती-ऊती जरूर बिक गई पर संसारचंद एमए की डिग्री लेकर आ गए। सौदा मंहगा पड़ रहा था पर अब क्या करैं ! रस्ता चलता तो लौट आए, पर पढ़ा-लिखा आदमी पलट कर वापस गंवार तो हो नहीं सकता था। एक बार पढ़ गया तो समझो अड़ गया। तय हुआ कि अब कौनो रास्ता नहीं हैं, आगे ही पढ़ौ। संसारचंद पढ़त-पढ़त पीएचडी होई गए। लौटे तो बताया कि पढ़ाई खतम, अब कुछ नहीं है पढ़ै खातिर। खेल खतम पइसा हजम। नौकरी करें तो नाम भी रौसन हो। पर नौकरी कहां रक्खी है ! इधर पब्लिक ने संसारचंद को पीएचडीचंद नाम दे दिया। अम्मा कहिन नाम के खातिर तो पढ़ा रहे थे, पूरे मुजफ्फरपुर में नाम तो जानो हो गया, पर नौकरी का क्या करें, नोकरिया तो अपने हाथै में नहीं है ! अरजी घिसते घिसते पीएचडीचंद सब भूल गए और रेस्पेक्टेड सर से लगा कर योर ओबिडियंट तक जिन्दगी सर के बल घिसटने लगी। शुरू में बड़े पदों के लिए अर्जी भेजते फिर धीरे धीरे नीचे उतरने लगे। सोचा पद छोटा बड़ा भले हो पर कुर्सी सबमें मिलती है। इसी बीच सरकार ने चपरासी के ऊँट के मुँह में जीरा भर पदों की भर्ती का विज्ञापन निकाला। हिचकते हुए आखिर पीएचडीचंद ने भी अपना आवेदन उधर भी दे मारा और मान लिया कि यहू नोकरिया तो पक्की। माता-पिता को भी लगा कि नौकरी लगी समझो और अब कोई रिस्ता आया तो ठोंक के दहेज ले लेंगे, आखिर लड़का पीएचडी भी है। नौकरी में पद नहीं देखा जाता है, मौका देखा जाता है। मौका मिल जाए तो अंगूठाछाप भी लाल बत्ती के नीचे गरदन तान के बैठ सकता हैं। सरकारी गलियों में मौका शिक्षा से बड़ी चीज है। सरकारी चपरासी गैर-सरकारी हलके के किसी भी आदमी से बड़ा हो सकता है बशर्ते उसमें काबलियत हो। खुद सरकारी महकमें में बड़े से बड़े अधिकारी मंत्री वगैरह किसी का भी काम चपरासी के बिना नहीं चलता है। प्यून तंत्र का बहुत जरूरी आदमी होता है। जहां तक जानकारी की बात है, जितना एक अधिकारी जानता है उससे कई गुना ज्यादा जानकारी चपरासी के पास होती है। चपरासी अगर नाराज हो जाए तो बड़े बड़ों को अपना जूठा पानी पिला कर अपनी छाती ठंडी कर सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल मंडलायुक्त ने किया अंत्योदय महासम्मेलन स्थल का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल मंडल** आयुक्त डॉ. साकेत कुमार ने मंगलवार को करनाल के सेक्टर 4 के दशहरा ग्राउंड में 2 नवंबर को आयोजित होने वाले अंत्योदय महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थल का दौरा किया।

मंडलायुक्त डॉ. साकेत कुमार ने मुख्य मंच से लेकर, पंडाल, मीडिया सेंटर, विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बनाए गए लाउंज व अन्य स्थानों का अवलोकन किया। उन्होंने वाहन व्यवस्था को लेकर भी सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगंतुकों को किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े , इसीलिए सभी अधिकारी अपना समन्वय बनाकर रखें।

उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। शौचालय भी सुचारू रूप से रखे जाएं। इस समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य अति विशिष्ट व्यक्ति भाग लेंगे। कोई भी अपनी ड्यूटी में कोताही ना बरते।

इस मौके पर उनके साथ डीसी अनीश यादव, नगर निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, एसपी पानीपत अजित सिंह शेखावत, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध वीरेन्द्र ढुल, एसडीएम घरौंडा अदिति सहित अन्य सभी सबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'सरदार पटेल ने किया अखंड राष्ट्र का निर्माण'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेयर रेनू बाला** गुप्ता ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत को एक मजबूत, अखंड शक्तिशाली राष्ट्र बनाने तथा एकता को बढ़ावा देने के लिए जो अहम भूमिका निभाई, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, हमें ऐसे महापुरूष के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। मेयर मंगलवार को जिला प्रशासन व खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन कार्यक्रम के शुभारंभ पर बोल रही थी। मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला तथा एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया और कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरूआत की। इसके बाद मेयर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें करीब 3500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह मैराथन शहर के एनडीआरआई चौंक से मैराथन दौड़ शुरू



होकर गीता द्वार पर समाप्त हुई। इस मौके पर देश की एकता बनाए रखने के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान था, वह ऐसे जन नेता थे जिन्होंने सदैव किसानों के कल्याण के लिए कार्य किया उन्हें आधुनिक भारत के निमार्ता के रूप में याद किया जाता है। संजय बठला ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण किया। उन्होंने अंग्रेजी सरकार द्वारा किसानों पर लगाए गए लगान का विरोध किया और काले कानून को समाप्त करवाया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी के नाम से कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

**दौड़**

**8 मेयर ने रन फॉर यूनिटी मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें करीब 3500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया**

इनके इस जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल सच्चे देशभक्त थे। वह अपना कत्र्तव्य पूरी ईमानदारी व समर्पण भाव से निभाते थे। उन्होंने किसानों से की जा रही वसूली को आंदोलन करके माफ करवाया तथा वर्ष 1920 में स्वदेशी को अपनाया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई, देश की आजादी में सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान है। ऐसे महापुरूष के योगदान को देश सदा याद रखेगा। बच्चों के हाथों में तिरंगा लेकर चलने से पूरा माहौल तिरंगामय हो गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चैधरी, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, डीएसओ सुधा भसीन, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक, जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, डीपीसी उर्वशी विग, प्रमोद नागपाल, रजनीश चोपड़ा, प्रवीण अरोड़ा, प्रोफेसर जोगिन्द्र मदान, एनसीसी आर्मी व एयर विंग के विद्यार्थी, धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**इन सामाजिक संस्थाओं का रहा अहम योगदान:** कार्यक्रम में निफा, लक्ष्य जनहित सोसाइटी, एम.डी.डी.बाल भवन, माँ झंडेवाली सेवा समिति, गो कर्ण गऊ सेवा, भारत विकास परिषद्, अभिमन्यु शाखा, कृष्ण शाखा, राधा-कृष्ण शाखा, माधव शाखा, आरएसओ, आर्य केंद्रीय सभा, केंद्रीय आर्य युवक परिषद, सिटीजन्स ग्रीवेंसेज कमेटी, लायंस क्लब ग्रेटर, इनर व्हील क्लब, करनाल, पतंजलि योग समिति, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन, तपन सोसाइटी (नीलोखेड़ी) ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## जिला युवा महोत्सव को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला में 17 से 18 नवंबर को पंडित चिरंजी लाल गवर्नमेंट कॉलेज सैक्टर-14 करनाल में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा करवाया जाएगा। महोत्सव के



सफल आयोजन को लेकर एडीसी ने अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली।

एडीसी ने बताया कि जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा 7 नवंबर तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा परिवार पहचान पत्र भी होना चाहिए। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को 750 से 15 हजार रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

## गौशाला रोड का होगा सुदृढ़ीकरण, महापौर ने किया शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** शहर निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को शहर के वार्ड नम्बर 14 में गौशाला रोड के सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान गौशाला प्रधान सुनील गुप्ता, अरूण गुप्ता, पंडित देवी दयाल, रणधीर कुमार, कृष्ण नायक तथा नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी व कनिष्ठद्द अभियंता रवि कुमार मौजूद रहे।

महापौर ने विकास कार्य की जानकारी देते बताया कि गौशाला रोड को पहले बांसो गेट से खाटू श्याम मंदिर रोड तक सीमेंट कंक्रीट से सुदृढ़ किया



गया। अब खाटू श्याम मंदिर से कर्ण पब्लिक स्कूल नजदीक बगवाडि?ा गैस एजेंसी तक के हिस्से को मास्टिक एस्फाल्ट से सुदृढ़ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस हिस्से पर सीमेंट कंक्रीट सडक काफी समय पहले बनी थी, जो वाहनों की ज्यादा आवाजाही होने के कारण टूट चुकी थी। अब इस रोड पर पहले अच्छे से सीमेंट कंक्रीट से पैचवर्क करके गढ्ढे भरे जाएंगे, उसके बाद मास्टिक एस्फाल्ट की मजबूत लेयर बिछाई जाएगी, ताकि यह सडक लंबे समय तक अपने अस्तित्व में बनी रहे। उन्होंने बताया कि करीब 800 मीटर हिस्से के सुदृढ़ीकरण पर अनुमानित 74 लाख रुपये की राशि नगर निगम द्वारा व्यय की जाएगी। मेयर ने मौके पर मौजूद जेई को निर्देश दिए कि वह कार्य पर अपनी निगरानी बनाकर रखें और इसे जल्द से जल्द पूरा करवाएं, ताकि यहां से गुजरने वाले नागरिकों व वाहन चालकों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने एक्सईएन से भी कहा कि वह बेतरतीब मौका निरीक्षण करें और निर्माण सामग्री की जांच के लिए सैम्पल अवश्य भरें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता बरकरार रहनी चाहिए।

## जीरे के कट्टे चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 17 कट्टे जीरी और 70 किलोग्राम चावल बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए टू** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर जयरामपुर कुंजपुरा से आरोपी रविंद्र उर्फ रवि पुत्र बलवानए श्यामलाल पुत्र बलवान और कमल पुत्र पाला राम वासियान नगला रोड़ान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए 17 कट्टे जीरी और 70 किलोग्राम चावल बरामद किया गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपियों ने मिलकर 23 अक्टूबर को शिकायतकर्ता नरेश मेहता वासी घीड़ के गोदाम में



घुसकर 37 कट्टे जीरी चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना कुंजपुरा में भादंसं की धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अदिति ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण और प्रीशिता ने ब्रॉन्ज मेडल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**दयाल सिंह** स्कूल सेक्टर-7 की होनहार खिलाड़ी अदिति मालिक ने सीबीएसई नार्थ जोन की ताइक्वांडो स्पर्धा के अंडर 19 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया है। अंडर 14 वर्ग में प्रीशिता ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।
सीबीएसई जोनल का आयोजन सुशीला देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटियाला में 27 से 30 अक्तूबर को किया गया।
दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या शालिनी ने इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यापक वीरेन्द्र और कोच मनीष मलिक को बधाई दी।

## 'प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश पहली पसंद थे सरदार पटेल'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और रेडियो ग्रामोदय के संस्थापक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश आज से कई दशक पहले एक वैश्विक महाशक्ति बन चुका होता। वे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रेडियो ग्रामोदय पर आयोजित एक कार्यक्रम में लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि आज भारत का जो भौगोलिक स्वरूप है, वह सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदृष्टि और उनके दृढ़ प्रतिज्ञ व्यक्तित्व की देन है। उन्होंने कहा कि हमारे क्रांतिकारी पूर्वजों के बलिदान और आजाद हिंद फौज के दबाव में अंग्रेजों ने जब भारत छोड? का निर्णय किया तो उन्होंने भारत को सैकड़ों टुकड़ों में बाँटने की साजिश भी साथ ही रची थी। साढ़े 500 से अधिक रियासत जोडकर अंग्रेजों की इस साजिश को नाकाम करने का कार्य सरदार पटेल ने ही किया। उन्होंने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर का मामला शेख अब्दुल्ला की संतुष्टि के लिए पंडित नेहरू ने अपने हाथ में न रखा होता तो सरदार पटेल ने इसे भी उसी समय सुलझा लिया होता।
भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सन 46



में ये तय हो गया था कि कांग्रेस का जो अध्यक्ष होगा, वहीं देश का अंतरिम प्रधानमंत्री बनेगा। उस व्यक्ति का चयन करने के लिए प्रादेशिक कांग्रेस कमेटियों से जब राय माँगी गई तो अधिकांश वोट के सरदार पटेल के पक्ष में पड़े थे। यह बात रिकॉर्ड पर है कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की पसंद और अपने प्रिय पंडित नेहरू को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सारे भारत की पसंद अर्थात सरदार पटेल को दरकिनार किया। इतिहास साक्षी है कि गांधी की यह भूल भारत वर्ष को बहुत भारी पड़ी।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर उसे एक राष्ट्रीय तीर्थ के रूप में विकसित करने का श्रेय दिया।

## 'मजबूत भारत के निर्माण में इंदिरा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
आज देशभर में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मिलकर रामदेव कॉलोनी में स्थित हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई।
पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और समिति द्वारा पढ़ाए जाने वाले बच्चों को शिक्षण



सामग्री वितरित की। सुमिता सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली इकलौती महिला प्रधानमंत्री थी। इंदिरा गांधी आधुनिक भारत के इतिहास में सबसे सशक्त महिलाओं में से एक थी है। इन्दिरा गाँधी वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार 3 पारी के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमन्त्री रहीं और उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं।
सुमिता सिंह ने कहा कि भारतीयों के दिलों में आज भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम उसी तरह जीवित है, जैसे 39 साल पहले था। इंदिरा गांधी अपने कड़े फैसलों के लिए जानी जाती थीं। पूरी दुनिया ने उनके फैसले का लोहा माना था। वे भारत की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। उन्होंने कहा कि मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में इंदिरा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय है। इंदिरा गांधी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। महिलाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण के लिए अपना योगदान देना चाहिए।

## 'योग से मस्तिष्क एवं आत्मा में भी बनाया जा सकता है संतुलन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अर्जुन गेट स्थित सेवा समिति आश्रम में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा में साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया।
इस अवसर पर योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से न केवल शरीर के अंगों, बल्कि मन, मस्तिष्क एवं आत्मा में भी संतुलन बनाया जा सकता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक समस्याओं के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है। योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग ने कहा कि हम प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर रोगों से मुक्त हो सकते हैं। ताड़ासन बच्चों के विकास के लिए आवश्यक है, इससे उनकी ऊंचाई बढ़ती है। खाने के बाद भद्रासन करें, यह खाना पचाने में सहायक होता है। योग शिक्षक लक्ष्मी चोपड़ा ने कहा कि निरंतर योग करने से हमारा शारीरिक एवं मानसिक संतुलन अच्छा रहता है। इस अवसर पर शैली शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता, गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथूरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

## डीएवी महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**रोजगार विभाग** के मण्डल रोजगार कार्यालय करनाल की ओर से डीएवी महाविद्यालय के सहयोग से रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा रही तथा अध्यक्षता संजय बठला, प्रतिनिधि मुख्यमंत्री हरियाणा ने की।
मण्डल रोजगार अधिकारी राजेश कुमार सांगवान ने बताया कि इस मेले में 20 नियोजकों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 450 रिक्तियों के लिए 1000 हजार से ज्यादा युवाओं ने मेले में हिस्सा लिया व 206 युवाओं को चयन हेतु शॉर्ट लिस्ट किया गया है।
संजय बठला ने युवाओं का आह्वान



किया कि वे इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। निजी क्षेत्र में काम करने का अनुभव जीवन में सफलता पाने हेतु बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त निजी क्षेत्र में नौकरियां तथा स्व-रोजगार के लिए विभिन्न अवसर उपलब्ध करवा रही हैं। डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न कम्पनियों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को स्थानीय युवाओं को ज्यादा से ज्यादा नौकरियां देने बारे प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। डॉ रामपाल सैनी, प्रिंसिपल डी.ए.वी. कालेज में आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया तथा रोजगार मेले के सफल आयोजन पर खुशी जाहिर की।

रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में मुख्यतः अमृतधारा अस्पताल, बेरी उद्योग, डी.डी. इंटेरनेशनल, ओसवाल पम्प, वीर ओवेरसीज, सिगनस अस्पताल, नवभारत, एल.आई.सी., करनाल मोटर्स, टाटा मोटर्स, विर्क अस्पताल, कुमार पेंट्स आदि कम्पनियों ने भाग लिया, जिन्होंने दसवीं, बाहरवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर, नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टर, हेल्पर व अन्य तकनीकी पदों हेतु युवाओं को नौकरियों के अवसर उपलब्ध करवाए।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय एकता दिवस रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

**मथुरा। जिलाधिकारी** शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली पुलिस लाइन से टैंक चौराहा, टैंक चौराहा से पुराना बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड से होलीगेट, होलीगेट से भरतपुर गेट, भरतपुर गेट से डीग गेट, डीग गेट से नया बस स्टैंड, नया बस स्टैंड से स्टेट बैंक चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा से टैंक चौराहा तथा टैंक चौराहा से पुन पुलिस लाइन में वापसी साइकिल रैली निकाली गई। रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। मंगलवार को इस अवसर एसएसपी ने शैलेश पांडेय ने पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों, थानों, चौकियों पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

### सपाइयों ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**मथुरा।**

**महानगर** समाजवादी पार्टी द्वारा राधा पुरम स्टेट स्थित कैंप कार्यालय पर भारत रत्न देश के प्रथम गृह मंत्री स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। पुष्पांजलि सभा में पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जयंती के मौके पर महानगर अध्यक्ष रितु गोयल ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। वही मथुरा वृन्दावन महानगर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल दृढ़ संकल्प वाले कुशल प्रशासक थे। देश की स्वतंत्रता के बाद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दूरदृष्टी भारत की एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए आरएसएस पर प्रतिबंध लगाकर साहस का परिचय दिया। संचालन महासचिव अभिषेक यादव ने किया। पुष्पांजलि सभा में रितू गोयल, मनोज गोयल, रमेश सैनी, नजर पहलवान, दाऊदयाल शर्मा, कोमल किशोर शर्मा, ओमप्रताप सिंह, डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, योगेन्द्र कुमार, सुनील मिश्रा, देव नागर, योगेश गोला, गुरुदीप सिंह, कृष्णा, नेत्रपाल सिंह आदि उपस्थित थे

### 25 हजार का इनामी अंतर्राज्यीय वाहन चोर पकडा

मथुरा। थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के 25 हजार रुपये के इनामियां वाहन चोर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में गोली है। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके कब्जे छह मोटर साइकिल, एक स्कूटी एक्टिवा, एक तमंचा, एक जिन्दा व तीन खोखा कारतूस बोर बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजीव कुमार दुबे के मुताबिक अभियुक्त कैप उर्फ कुम्फी पुत्र रसूला निवासी रुध थाना खोह जिला डीग राजस्थान को ग्राम आजनौठी से ग्राम उन्दी रोड पर हुई पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस ने चवन्नी को पकडा

**मथुरा।**

**थाना छाता** पुलिस ने फास्ट फूड की दुकान पर फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक देशी तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। 28 अक्टूबर को शाम को चटपटा फास्ट फूड किंग की दुकान पर झगडा हो गया था। जिसमें अभियुक्त चवन्नी उर्फ धीरज उर्फ सुरेन्द्र ने गुस्से में गोली चला दी थी तथा दुकान पर बैठे एक ग्राहक को गोली लगी थी। तभी से पुलिस को चवन्नी की तलाश थी। चवन्नी को छाता क्षेत्र में चीनी मिल के सामने एनएच 19 कस्बा छाता से गिरफ्तार किया है।

# सांसद ने ली दिशा की बैठक, मौजूद रहे विधायक

## अधिकारियों को दिये संचालित योजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**सांसद** हेमा मालिनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिये कि विभिन्न प्रकार की आपदाओं से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाये। बीमा कंपनियों से वार्ता कर सही फील्ड सर्वे कराया जाये। किसानों को ससमय भुगतान कराना हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिए उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये कि वह सभी प्रकार के किसान संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की



समीक्षा करते हुए उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर लाइट एण्ड शो एवं चैतन्य महाकुण्ड के कार्यों की जानकारी ली, जिस पर सीईओ नगेन्द्र प्रताप ने अवगत कराया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर लाइट एण्ड शो संचालित है एवं चैतन्य महाकुण्ड के कार्यों प्रगति पर है। सांसद ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकार के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण संबंधित जनप्रतिनिधियों से करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। लोक निर्माण विभाग के

**निर्देश**

**8 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिये**

अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी सड़कों को गुढ्ढामुक्त के साथ साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। जो सड़कें ठेकेदार के अनुरंक्षण समय के अन्तर्गत है उनकी मरम्मत ठेकेदारों द्वारा सुनिश्चित की जाये। नई सड़कों के प्रस्तावों के बारे में माननीय जनप्रतिधियों से वार्ता एवं सुझाव लिये जायें। समाज कल्याण अधिकारी से वृद्धापेंशन योजना के संबंध में निर्देश दिये कि सभी वृद्धों को ससमय पेंशन मुहैया करायी जाये। पीओ डूडा को निर्देश दिये कि काशीराम कॉलोनी में रह रहे अनाधिकृत व्यक्तियों को बाहर निकाला जाये और पात्र व्यक्तियों को उनसे लाभान्वित किया जाये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिवैम्प योजना के अन्तर्गत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जनपद में खुले विद्युत बॉक्सों को कवर किया जाये, जहां आवश्यकता हो वहां बॉक्सों को शिफ्ट किया जाये। जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग की विजीलेंस टीम के कार्यों पर नाराजगी जताई, जिस पर सांसद ने विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम हेतु सख्त निर्देश दिये कि उनके द्वारा गलत बिल न काटा जाये, लोगों को अनावश्यक परेशान न किया जाये।

## 1.5 लाख बच्चों को लगेगा टिटनेस का टीका, एक से 10 नवम्बर तक चलेगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** सघन टीकाकरण अभियान के बावजूद कुछ बीमारियां उभर कर आ रही हैं। लगातार मरीज सामने आने से सरकार भी चिंतित है। डिप्थीरिया, टिटनेस, फर्टीसिस जैसी बीमारियों के खिलाफ अभियान छेड़ा जा रहा है। जनपद के 1.5 से अधिक बच्चों को डिप्थीरिया, टिटनेस, फर्टीसिस बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण किया जाएगा। एक नवम्बर से 10 नवम्बर तक स्वास्थ्य विभाग संघन टीकाकरण अभियान चलाएगा। सीएमओ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि पहली बार यह हो रहा है इसलिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है लेकिन जो डाटा मिला है उसके हिसाब से करीब 1.5 लाख बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। पांच साल तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण होता है। अब डिप्थीरिया, टिटनेस, फर्टीसिस ये तीन महत्वपूर्ण बीमारियां हैं। खास तौर पर डिप्थीरिया के केस मिल भी रहे हैं, जिसमें पांच, 10 और 16 साल के बच्चों को हमें टीकाकरण कराना है। शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि अब स्कूल बेस्ड ऐसे बच्चों को चिन्हित करेंगे कि पहली कक्षा जिसमें बच्चे पांच साल के हों। पांच वीं कक्षा के बच्चे दस साल के हों और 10 वीं कक्षा के बच्चे 16 साल के हों। दस साल और 16 साल वाले बच्चों को डिप्थीरिया और टिटनेस का एक अतिरिक्त टीका लगाएंगे। सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस संबंध में बैठक भी हो गई हैं। बीएसए और डीआईओएस से डाटा शेयर हो गया है। अभी चूंकि शहरी क्षेत्र में टीकाकरण करने वाले कर्मी कुछ कम हैं। इसके लिए केएम मेडिकल कॉलेज से भी करीब 50 वैक्सीनेटर मिल जाएंगे। जिसमें चिकित्सक और स्टाफ नर्स शामिल हैं। हमारा प्रयास है कि एक से 10 नवम्बर तक अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण कर दिया जाये।

## रेल दुर्घटना में देवरानी जेठानी की मौत

**मथुरा। फरह** क्षेत्र में मंगलवार को दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक को पर करते समय दोनों महिलाएं गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गईं और दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक दोनों महिलाएं आपस में देवरानी और जेठानी हैं। हादसे के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। घटना मंगलवार की सुबह लगभग करीब साढे पांच बजे फरह के गांव फतेहा के समीप हुई। यहां ट्रेन की चपेट में आकर पुष्पा पत्नि प्रहलाद व श्यामवती पत्नि जगदीश (कारपेंटर) की रेल दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलती ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे मौत की सूचना से गांव में कोहरा मच गया। दोनों महिलाओं के छोटे छोटे बच्चे हैं।

## रिकार्ड : प्रदेशभर में पराली जलाने में मथुरा जनपद रहा अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**प्रदेशभर** में मथुरा जनपद फसल अवशेषों को जलाने की घटनाओं को ट्रेस करने में पहले पायदान पर रहा है। सेटेलाइट की मदद से इस सीजन में मथुरा जनपद में फसल अवशेष जलाने की कुल 84 घटनाएं पकड़ी गई हैं। जिसमें 70 घटनाएं पराली जलाने की हैं, जबकि 14 अन्य घटनाएं फसल अवशेष जलाने की पकड़ी गई हैं। प्रदेशभर में किसी एक जनपद में यह घटनाएं सर्वाधिक हैं। पीलीभीत जनपद में 80 घटनाएं हुई हैं। जबकि अलीगढ़ में 78 घटनाएं हुई हैं और वह तीसरे नम्बर पर है। सेटेलाइट की मदद से इस तरह की घटनाओं को पकडा जाता है। इसके बाद मौके पर पहुंच कर घटना को ट्रेस किया जाता है।मथुरा जनपद में पिछले साल पराली जलाने की 30 घटनाएं हुई थीं। जानकारों का मानना है कि इसकी वजह यह रही कि इस सीजन में पिछले साल अधिकांश समय मौसम खराब रहा था और बादल बने रहे थे। ऐसे मौसम में सैटेलाइट भी आगजनी की घटनाओं को पकड़ने में सक्षम नहीं रहता है। खेतों में पानी भरा रहने के कारण किसानों ने पराली को खेतों में ही जोत दिया था और खाद बनाया गया था। इसलिए आगजनी की घटनाएं कम हुई थीं। जिला प्रशासन की ओर से इस बार पराली का बेहतर प्रबंधन किया गया। घर छोटी बड़ी घटना को ट्रेस होने के बाद सत्यापित किया गया और कार्यवाही की गई। वंशीवट गो शाला ने छह हजार मीट्रिक टन से अधिक पराली ली गई है। सरकारी गो शालाओं में भी दो हजार मीट्रिक टन पराली ली गई है।

**अडानी** ग्रुप ने माता जी गोशाला में बायो फ्यूल प्लांट लगाया हुआ है जो कि किसानों से चार रुपए गठ्ठर तथा 15 सौ रुपये ट्राली के हिसाब से पराली ले रहे हैं। बायो फ्यूल प्लांट के लिए पराली खरीदने के लिए कुल पांच सैंटर स्थापित के गये हैं। एक सैंटर एंच, एक रनवारी, एक खायरा, एक कुंजेरा तथा एक तहगांव में काम कर रहा है।

# सदर तहसील में बड़े बकायेदों से हुई 27 करोड़ से अधिक

## विगत वर्ष की तुलना में रहा बेहतर प्रदर्शन, तीन करोड़ अधिक हुई वसूली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
सदर तहसील में बकायेदारों से वसूली के अभियान में 15 अक्टूबर तक पिछले साल की अपेक्षा करीब तीन करोड से अधिक की वसूली की गई है। इस साल 15 अक्टूबर तक कुल शुद्ध मांग 39 करोड 74 लाख 77 हजार 535 रुपए की थी जबकि इसके सापेक्ष वसूली 27 करोड़ 18 हजार 338 रुपये रही। जबकि इसी अवधि में पिछले साल शुद्ध मांग 34 करोड़ 22 लाख 18 हजार 55 रुपये के सापेक्ष 20 करोड़ 98 लाख 51 हजार 152 रुपये की रिकवरी की गई है थी। एसडीएम सदर वैभव गुप्ता के मुताबिक इस साल व्यापार कर में कुल शुद्ध मांग दो करोड 14 लाख दो हजार 54 थी इसके सापेक्ष एक करोड़ 19 लाख तीन हजार 597 की क्रमिक वसूली हुई है। वाहन कर पर शुद्ध मांग एक करोड एक करोड 79 लाख आठ हजार 994 थी, इसमें क्रमिक वसूली 60 लाख 53 हजार 756 रुपये की हुई है। संग्रह व्यय का आंकड़ा शुद्ध मांग का 2550 थी और इतनी ही वसूली हुई। अन्य देय में शुद्ध मांग नौ करोड 94 लाख 37 हजार 731 थी, इसमें क्रमिक वसूली 7 करोड 10 लाख 6 हजार 902 रही। विविध देय में शुद्ध मांग छह करोड 99 लाख 21 हजार 860 की थी, इसमें चार करोड़ 29 लाख 66 हजार 234 रुपए की रही। बैंक देय के मामलों में 16 करोड़ 84 लाख 29 हजार 551 की थी जबकि वसूली 11 करोड 82 लाख 72 हजार 631 रही। ग्राम सभा में शुद्ध मांग एक लाख 75 हजार 339 थी जबकि क्रमिक वसूली 1 लाख 48 हजार 987 की रही। स्टाप देय में शुद्ध मांग दो करोड 71 लाख 95 हजार 951 की थी जबकि क्रमिक वसूली एक करोड 95 लाख 76 हजार 145 की हो सकी। उप खजिन में शुद्ध मांग 53 हजार 516 की थी जबकि क्रमिक वसूली 43 हजार 500 रही। मनोरंजन कर में शुद्ध मांग 59 हजार 899 थी जबकि वसूली 44 हजार 36 रुपये की रही। इस तरह कुल शुद्ध मांग 39 करोड 74 लाख 77 हजार 535 रुपए की थी जबकि वसूली 27 करोड़ 18 हजार 338 रुपये की रही। वहीं साल 2022 में 15 अक्टूबर तक व्यापार कर में एक करोड़ 95 लाख 30 हजार 416, वाहन कर पर एक करोड 27 लाख 16 हजार 580, प्रांतीय आबकारी में शून्य, संग्रह व्यय एक लाख 16 हजार 626, अन्य देय में दो करोड 78 लाख 677 रुपये की रिकवरी की गई है।

**वसूली**

**8 संग्रह व्यय एक लाख 16 हजार 626, अन्य देय में दो करोड 78 लाख 677 रुपये की रिकवरी की गई है**

## लुटेरों ने घर में घुस मारपीट कर लूटे आभूषण, नगदी

**मथुरा। थाना** क्षेत्र में लुटेरों व चोरों ने एक ही गांव में बीती रात्रि लूट व चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं इलाका पुलिस घटनाओं को रोकने में फेल नजर आ रही है। बीती सोमवार रात गांव अहमदपुर निवासी राधेश्याम शर्मा परिवार के साथ घर में सोये हुए थे। अचानक रात्रि करीब एक बजे छह से सात अज्ञात लुटेरे दीवार फांदकर घर में घुस आये और परिवार के लोगों के साथ मारपीट करते हुए बंधक बनाकर कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब चार लाख रुपये के आभूषणों एक सोने का पैंडल, चार अंगूठी, दो जोड़ी कुंडल, एक चांदी की कौंधनी, दो जोड़ी तोड़िया, तीन सिक्के, दो जोड़ी बिछुआ सहित 6000 हजार रुपये की नगदी लूट कर ले गए। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं दूसरी घटना इसी गांव में स्थित प्राचीन जाहरवीर बाबा मंदिर पर हुई। जहां अज्ञात चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब पचास हजार रुपयों को चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही मंदिर पर लोग एकत्रित हो गए और सूचना इलाका पुलिस को दी गई। वहीं भक्तों में मंदिर पर चोरी की घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है व पुलिस से शीघ्र ही घटना के खुलासे की मांग की है। वहीं जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि दो तहरीरें मिल चुकी हैं। जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## मथुरा रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**पूरे देश** में 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को मथुरा रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक अजय कुमार तिवारी और रिफाइनरी प्रमुख ने सभी रिफाइनरी कर्मियों को भ्रष्टाचार को रोकने के उद्देश्य से सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा सम्मानित अतिथि के रूप में पधारे। जिनका सभा को संबोधित करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने ईमानदारी और अखंडता के साथ व्यापार करने के लिए इंडियन ऑयल




की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्तिगत ईमानदारी सतर्कता का सार है और विभिन्न संस्थानों, संगठनों आदि में उच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों पर जागरूकता फैलाने और लोगों को ईमानदारी अपनाने के लिए प्रेरित करने की बड़ी जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत अखंडता संस्थागत अखंडता की ओर ले जाती है जो बदले में भ्रष्टाचार मुक्त समाज की ओर ले जाती है और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में हमारा मार्ग सुनिश्चित करेगी। बाद में डीएम मथुरा द्वारा सतर्कता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ आसपास के गांवों में सतर्कता का संदेश देगा। इससे पहले, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) मनीष जोशी ने स्वागत भाषण दिया और दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह के दौरान, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य और निदेशक (रिफाइनरीज) सुक्ला मिस्त्री का संदेश पढा गया। सीवीओ अनंत कुमार सिंह का संदेश वीके आनंद द्वारा पढ़ा गया। मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश शर्मा और ओफिसर्स एसोसिएशन के सचिव रवींद्र यादव ने क्रमशः हिंदी और अंग्रेजी में नागरिक प्रतिज्ञा पढ़ी। कार्यक्रम की जानकारी रेनू पाठक प्रबंधक कॉर्पोरेट संचार मथुरा रिफाइनरी ने दी

# 14 से 27 नवंबर तक आयोजित होगा ब्रज रज उत्सव

## ब्रज रज उत्सव को लेकर हुई समीक्षा बैठक, सांसद ने कलाकारों के नाम पर किया विमर्श

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**उत्तर प्रदेश** ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा 14 से 27 नवंबर के मध्य रेलवे ग्राउंड धौली प्याऊ पर आयोजित किए जाने वाले ब्रज रज उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक परिषद के सभागार में हुई। बैठक में उत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप ने सांसद हेमा मालिनी, परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में सांसद हेमा मालिनी ने सायं सात से दस बजे



के मध्य होने वाले मंचीय कार्यक्रमों और उनके कलाकारों के नाम फाइनल किए। उत्सव के प्रथम तीन दिन मीराबाई की 525 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रस्तुति दी जाएंगी। इनमें मीराबाई पर एक आकर्षक प्रस्तुति भरतनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना व अभिनेत्री हेमा मालिनी और उनके साथी कलाकार देंगे। बैठक में सांसद ने इस मीरा नृत्य नाटिका के अलावा अन्य मंचीय कार्यक्रमों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। पूर्व के ब्रज रज उत्सवों की तरह इस बार भी बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। उनकी प्रस्तुतियां रोजाना सायं चार बजे से सायं छह बजे तक होंगी। मेले में हैंडीक्राफ्ट की दुकानें, चांट के स्टाल व झूले भी लगेंगे। इस अवसर पर ष्मीराबाई राष्ट्रीय सिम्पोजियमष भी वेटरिनरी विवि के प्रेक्षागृह में 15 से 17 नवंबर के मध्य होगा। बैठक में नगर निगम, रेलवे, एमबीडीए, सूचना, लोक निर्माण विभाग,

## विद्युत विभाग के खिलाफ होलीगेट पर दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**पांच नामजदों** सहित करीब 30 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा कराई गयी एफआईआर के विरोध में मंगलवार को होलीगेट पर भाकियू कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। एफआईआर में कुछ भाकियू नेताओं के नाम भी शामिल हैं। भाकियू कार्यकताओं का आरोप था कि विद्युत विभाग द्वारा चौबिया पाड़ा क्षेत्र के निवासियों पर फर्जी एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्यकताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ तख्तियों पर नारे लिख कर प्रदर्शन किया। पवन चतुर्वेदी ने कहाकि करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन चला। इसके



बाद शहर कोतवाल संजय पांडे धरना स्थल पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की। किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि किसी को फर्जी तरीके से नहीं फंसाया जाएगा, पूरे मामले की जांच पड़ताल की जाएगा। धरने में किसान नेता गजेंद्र सिंह गावर, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, युवा महानगर अध्यक्ष सलीम खान, नगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी, वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवान दास निषाद विद्युत विभाग की कार्यवाही की निंदा की न्याय नहीं मिला तो मथुरा महानगर के होली गेट के चौराहे पर अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

## उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला पुलिस** से इंस्पेक्टर सुरेश कुमार व सब इंस्पेक्टर होशियार सिंह का विभाग में कायार्काल पूरा होने पर सेवानिवृति पर जिला पुलिस विभाग की और से लधु सचिवालय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार ने शिरकत की। उन्होंने दोनों पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थय एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।



उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सेवानिवृत होने वाले दोनों पुलिस अधिकारियों के सर्विस के दौरान किये गय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा की सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है। भविष्य में आपको पुलिस विभाग से किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है तो विभाग सदैव आपके लिए तत्पर रहेगा। इस दौरान भलाई शाखा निरीक्षक बीरभान ने सेवानिवृत हो रहे पुलिस अधिकारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान इमानदारी व निष्ठा से कार्य करके पुलिस विभाग का गौरव बढाया है। उन्होंने बताया की इंस्पेक्टर सुरेश कुमार अक्तूबर 1965 में हरियाणा पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। विभिन्न जिलों में अनेक पदों पर सेवाएं देने के बाद वर्तमान में पानीपत पुलिस लाईन में तैनाती थी। सब इंस्पेक्टर होशियार सिंह सितम्बर 1989 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। विभिन्न जिलों ने अनेक पदों पर सेवाएं देने के बाद पिछले करीब 15 साल से जिला पानीपत में साइबर सेल इंचार्ज के पद पर तैनाती थी। दोनों पुलिस अधिकारियों का उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व मौजूद पुलिस अधिकारीयों ने फुल माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी ब्रांच के इंचार्ज व तैनात पुलिकर्मी व दोनों पुलिस अधिकारियों के परिजन व काफी संख्या में रिटायर्ड पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह, दिलाई गई राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उल्लासपूर्वक मनाई गई । स्कूल में आयोजित जयंती समारोह में चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्कूल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने शपथ लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करेंगे ।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने आजादी के बाद भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके कूटनीतिक कौशल की बदौलत देशी रियासतों के भारत में विलय का कार्य संपन्न हुआ और देश की अखंडता सुनिश्चित हुई। उनके अटूट प्रयासों ने एकजुट और सामंजस्यपूर्ण भारत की नींव रखी। राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी सभी का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के संरक्षण और इसे सुदृढ़ बनाए रखने की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। सीईओ संजय जैन ने कहा कि सरदार पटेल एकजुट और मजबूत भारत के कट्टर समर्थक थे और उनके जीवन के कार्यों में यह समर्पण झलकता था। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि रन फॉर यूनिटी के लिए सुजल, प्रिया, गौरव, अनिकेत, कोमल, तन्नू, आदि की अगुवाई में अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। हेड ब्वॉय पुलकित व हेड गर्ल विशाखा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। जयंती समारोह व रन फॉर यूनिटी के आयोजन में अध्यापिका निशा, सोनाली, ज्योति, सीमा, गीता, मधु व खेल इंचार्ज संजीत ने अहम भूमिका निभाई।

## न्यूज फ्लैश

### गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक वूमेन संस्थान में टैलेंट हट आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गत** दिवस कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन संस्थान में टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फोर्क डांस, ग्रुप डांस और सॉन्ग का प्रदर्शन किया। प्रत्येक परफॉर्मेंस में से प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय का चुनाव सुरेश खेड़ा, पूनम जैन, वीना सैनी, कृष्णा भोरिया ने किया और चुनाव करके पुरुस्कार विस्तृत किए गए। आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस आयोजन में प्रिंसिपल डॉ. विंदू आनंद, डॉ. लाभ सिंह, डॉ. अश्वनी भारद्वाज, बाबू राम, अजय मालिक, नीरज मलान, प्रवीन मित्तल एवम अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### भ्रष्टद्दाचार उन्मूलन सरकार की प्राथमिकताः उपायुक्त

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भ्रष्टद्दाचार का उन्मूलन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। देश से भ्रष्टाचार रूपी अजगर को समाप्त करना हम सब की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने बताया कि 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का इस बार का विषय है भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। हम सब को मिलकर भ्रष्टाचार रूपी अजगर को समाप्त करने का प्रयास करना होगा। प्रशासन इसमें हर प्रकार से मददगार होगा।

उपायुक्त ने बताया कि हमें हर क्षेत्र में भ्रष्टद्दाचार को समाप्त करना होगा तभी देश का विकास व तरक्की होगी। ईमानदारी से किया गया कार्य तरक्की के रास्ते खोलता है। इमानदारी में देश का कल्याण व तरक्की का वास है। इस कार्य को हमें समर्पित होकर करना होगा। यह कार्य चुनौती पूर्ण जरूर है लेकिन असंभव नहीं हैं। हमें इस कार्य का शिद्दत पूर्वक करने का संकल्प लेना चाहिये।

### हरियाणा-राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, इनामी आरोपी को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष कुमारी**

**नारनौल। निजामपुर** क्षेत्र में राजस्थान के थाना खेतड़ीनगर, थाना मेहाड़ा व थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मंगलवार को रेड की। इस दौरान हत्या के मामले में संलिप्त आरोपी को पकड़ा गया। जिसकी पहचान राजेश उर्फ लिडरिया वासी रूप सराय के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ सन 2022 में नागौर राजस्थान के थाना नावा सिटी में हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज था। आरोपी इस मामले में फरार चल रहा था। आरोपी को पकड? के लिए उस पर राजस्थान पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। आरोपी कई सालों से राजस्थान में एनडीपीएस के स्थाई वारंटों में फरार चल रहा था। आरोपी थाना सदर महेंद्रगढ़ में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में भी वांछित था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा राजस्थान के मामलों में वांछित आरोपियों पकड़कर राजस्थान पुलिस के हवाले किया जा रहा है। थाना निजामपुर क्षेत्र में हरियाणा-राजस्थान की पुलिस टीमों द्वारा ज्वाइंट रैड की गई। टीमों द्वारा इनामी आरोपी के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़कर राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े हजारों विद्यार्थी

## पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पानीपत के विभिन्न सकूलों और कॉलेजों के हजारों विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली। पानीपत की सडकों पर रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर विद्यार्थियों ने देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।

पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा ने रन फॉर यूनिटी में भाग लेने पहुंचे विद्यार्थियों और अन्य को जिला सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए बहुत बड़ा काम किया है।

उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व लगाया। देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि हम सब हमारे देश के नायक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए काम करने का आह्वान किया। उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि देश को एक करने में वल्लभ भाई पटेल की बड़ी भूमिका रही। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों के बीच यह दौड़ जिला सचिवालय से चलकर जीटी रोड होते हुए सेक्टर 13/17 में समाप्त हुई।

इस अवसर पर एसपी अजीत सिंह शेखावत, एडीसी श्रीमती वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार और कई विभागों के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 'समय पर केसों का ब्यौरा ना देने वाले अधिकारियों की दीवाली की छुट्टी हो सकती है रद्द'

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला सचिवालय** में डीएलएलसीसी के चेयरमैन एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में डीएलएलसीसी की महत्त्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के अध्यक्षों को निर्देश दिये की वे एक सप्ताह में विभाग से संबंधित केसों की लिस्ट तैयार करके डिस्ट्रीकट अटोरनी व उपायुक्त कार्यालय में भेजे ताकि विभाग के केसों की मजबूती से पैरवी की जा सके। डीएलएलसीसी के चेयरमैन एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जो अधिकारी इस कार्य में कोताही बरतेंगे उनकी दिवाली की छुटियों पर रोक लगाई जा सकती है। उपायुक्त ने बताया कि केसों की पैरवी के लिए हमारी पूरी तैयारी होनी चाहिये। उपायुक्त ने बताया कि ज्यादातर मामले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचायत विभाग व अन्य सरकारी विभागों से जुड़े हैं।

उपायुक्त ने बताया कि एक सप्ताह पश्चात विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वे फिर समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को अपडेड स्टेटस के साथ हाजिर होने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीएलएलसीसी के वाईस चेयरमैन राकेश चौधरी के अलावा विभिन्न विभागों के लॉ आफिसर व अधिकारी मौजूद थे।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े युवा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**

**राष्ट्रीय एकता** के सूत्रधार एवं दूरदर्शी शख्सियत सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। भापरा के राजकीय वरिष्ठद्द मा. विद्यालय स्कूल से बिहौली रोड स्थित करहंस गांव के चौक तक इस दौड का आयोजन किया गया। इस दौड़ में शहर के बडी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी को सामूहिक रूप से वरिष्ठद्द भाजपा नेता संजय छौक्कर, एसडीएम अमित कुमार व एएसपी मयंक मिश्रा ने हरी झंडी दिखाई। वरिष्ठद्द भाजपा नेता संजय छौक्कर ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की एकता में सरदार पटेल का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्हें देश की भौगोलिक और राजनीतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है व उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय छौक्कर ने लोगों को एकता की शपथ भी दिलाई। रन फॉर यूनिटी दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया व एकता का संदेश दिया।

एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के शानदार नेतृत्व क्षमता से कुछ ही समय में पांच सौ पचास से अधिक रजवाड़ों को एकता के सूत्र से जोडकर देश को वास्तविक स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि वल्लभभाई पटेल की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वे एक मजबूत, अडिग और द्दढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है।

**दौड़ का आयोजन**

8 पटेल की स्मृति में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया

# कांग्रेस नेत्री ने पटेल व गांधी को दी श्रद्धांजली

**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष कुमारी**

**नारनौल।** स्थानीय कन्या अंध विद्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूर्व जिला प्रमुख कांग्रेस नेता भाई राम सिंह की अगुवाई में मनाई गई। इस मौके पर कन्या अंध विद्यालय की छात्राओं को फल वितरित किए गए। वहीं दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की तथा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डा. राज सुनेश यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक लौह पुरुष थे। उन्होंने अपने अटल संकल्प से देश के आजादी के समय राष्ट्र को एक करने के लिए सभी देशी रियासतों को एक करके भारत को सुद्दढ़ राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा कि इसी रास्ते पर चलते हुए

# श्री परशुराम गौशाला में 108 कुण्डीय महायज्ञ 5 नवम्बर को

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भगवान** श्री परशुराम गौशाला द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें गौशाला के प्रधान देवी राम ने बताया कि गौ माता को राष्ट्रीय माता का सम्मान दिलवाने हेतु 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन भगवान श्री परशुराम गौशाला, खतौली गेट, नारायणगढ़ रोड़, अम्बाला शहर में रविवार 5 नवम्बर 2023 को किया जाएगा। इसमें प.पू. गोपालाचार्य स्वामी श्री गोपालानन्द सरस्वती जी महाराज, पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पदयात्रा के संचालक व श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के राष्ट्रीय संयोजक एवं श्री श्री 108 पारसनाथ जी महाराज गद्दी नशीन, टीला गुरु गोरक्षनाथ जी, अम्बाला शहर का



विशेष आशीर्वाद रहेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान माननीय अनिल विज गृह एवम्‌ स्वास्थ्य मन्त्री, हरियाणा सरकार होंगे। हवन कार्यक्रम के संचालक आचार्य गोपाल शर्मा संस्थापक वैदिक वाटिका आश्रम भम्भोली, यमुनानगर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मन्त्री विनोद शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह महायज्ञ परम पूज्य गो गुरू चरण रज स्वामी गोबर गोपाल सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर हवन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक, आशीष वचन 11 बजे से 12 बजे तक, वक्तव्य 12 बजे से 1 बजे तक तथा इसके उपरान्त विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही हैं । 108 हवन कुंड तैयार हो चुके हैं। इसी कड़ी में 4 नवम्‌?बर को क्लश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो ठाकुरद्वारा मंदिर पंजोखरा साहब से शुरू होकर भगवान श्रीपरशुराम गौशाला में समापन होगी इस अवसर पर अरूण राणा चेयरमेन, श्री देवीराम संस्थापक/ प्रधान, श्री पवन गर्ग सह संस्थापक, शीशपाल मोर संरक्षक, प्रमोद अग्रवाल संरक्षक, राजिन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) मुख्य सलाहकार श्री दीपांशु अग्रवाल कार्यकारी प्रधान, प्रशांत मिश्रा उपप्रधान, राजन बारी उपप्रधान, नरेन्द्र शर्मा महासचिव, श्री संतशरण वर्मा सह सचिव, श्री मुकेश शर्मा कोषाध्यक्ष, यू.डी. शर्मा सह-कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार, सुरेन्द्र कालड़ा, श्याम लाल गर्ग, बिजेन्द्र शर्मा मोहड़ी, अशोक शर्मा, महिन्दर सिंह, इन्द्रजीत सिंह लक्की, पवन प्रमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर करवाया गया क्विज का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**लौह पुरूष** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए चिराग वैल्फेयर फाउंडेशन ने क्विज का सफल आयोजन करवाया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस आधारित क्विज में 40 छात्र-छात्राओं ने 60 में से 60 अंक अर्जित किये, जिन्हें प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मिशन रोड स्थित जैन मंदिर में क्विज का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) बिजेंद्र कुमार व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्रतियोगिता में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से डीसी जैन नर्सिंग कालेज, रूहचि स्कूल और दिल्ली विद्यापीठ शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही चिराग वैल्फेयर फाउंडेशन की प्रेजीडेंट एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी की सेवानिवृत्त सचिव सरोजबाला ने बताया कि राष्टद्दीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में क्विज के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को विकसित करना है। इससे विद्यार्थियों को देश के महापुरूषों से परिचित होने और उनके बलिदान से अवगत होने का सुअवसर मिलेगा। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही समाज व राष्टद्द सेवा के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने लौह पुरूष को नमन करते हुए आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। फाउंडेशन की सचिव युविका व डीसी जैन कालेज के निदेशक डा. आदिश जैन ने इस दौरान सरदार पटेल के अनुकरणीय जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रूहचि स्कूल की प्रिंसीपल मालती शर्मा, योगेंद्र सिंह, जयबीर सिंह, प्रमोद कटारिया आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# उपायुक्त ने गांव रसोई को किया सम्मानित

## बेहतरीन लिंगानुपात वाले गांव रसोई की तीन छात्राओं को ईनामी राशि देकर उपायुक्त ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बेटी** बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गतकन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम व बेटियों को भी समान अधिकार दिलाने व लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने जिला के बेहतरीन लिंगानुपात वाले गांव रसोई को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने गांव की प्रतिभाशाली छात्राओं को भी डेढ़ लाख रुपये की राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि कन्या भ्रूण हत्या रूपी सामाजिक बुराई को जड़े से खत्म करने के लिए हर व्यक्ति




सक्रिय सहयोग प्रदान करें। एकजुट प्रयासों से ही समाज के माथे पर लगे इस कलंक को धोया जा सकता है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के संयोजन में लघु सचिवालय में बेटियों को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपायुक्त ने गांव रसोई की दसवीं कक्षा की टॉप-3 छात्राओं को पुरस्कार के लिए चुना गया। उपायुक्त ने इनमें 500 में से 409 अंक लेकर प्रथम रही सोफिया व कशिश को 60-60 हजार और 500 में से 399 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल करने वाली कुसुम को 30 हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया। इसके अलावा उन्होंने सीएमओ डॉ० जयकिशोर, एसएमओ डॉ० अरविता व डॉ० चितवन, पीएचसी कुण्डली की एमओ डॉ० साधना, एएनएम राधा, आशा वर्कर सीमा, ज्योति व गीता तथा आंगनवाड़ी वर्कर ओमवति व राजेश को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2022 के अंतर्गत रसोई का लिंगानुपात बेहतरीन रहा है। गांव में प्रति 1000 लडकों पर 1474 लड़कियां है।

# तायक्वांडो में जीवीएम की हिमांशी ने स्वर्ण व संजना ने जीता रजत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने मैमोरियल कप तायक्वांडो चैंपियनशिप में एक स्वर्ण व एक रजत पदक जीता है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया कि रेवाड़ी में 27-29 अक्टूबर तक प्रदेश स्तर पर मैमोरियल कप तायक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। कालेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में सफल प्रदर्शन किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमांशी ने अंडर-67 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संजना ने अंडर-57 किलोग्राम भारवर्ग में द्वितीय स्था हासिल किया। उन्होंने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

इस मौके पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में जीवीएम की छात्राएं निरंतर नई उपलब्धियां दर्ज कर रही हैं। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और कैरियर निर्माण के अवसरों में भी बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर हिमांशी व संजना ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद तथा कालेज प्रशासन से मिले विशेष सहयोग व प्रोत्साहन को दिया।

## मजलिस पार्क सामुदायिक भवन में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा द्वारा

# महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव समारोह का भव्य आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मजलिस पार्क स्थित सामुदायिक भवन में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन जी का 5177वाँ जन्मोत्सव समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मजलिस पार्क और आसपास के क्षेत्रों से आये हजारों अग्रबंधुओं ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। मेधावी बच्चों और 85 वर्ष से अधिक समाज के बुजुर्गों को भी पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। साथ ही आये हुए सभी आगुंतकों के लिये विशेष तौर पर जलपान की व्यवस्था की गई थी।
इस मौके पर दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, पूर्व मंत्री और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कोषाध्यक्ष मंगत राम सिंघल, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुराग गर्ग, केवल पार्क एसोसिएशन के प्रधान अरविन्द मूलचंद, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, श्मशान भूमि सुधार समिति के कोषाध्यक्ष परमानंद सिंघल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।
**मेधावी छात्रों व बुजुर्गों का किया गया सम्मानः** सभा की ओर से क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और लोगों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।
**कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजनः** मजलिस पार्क अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, बच्चों की डांस प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिता रही।
**सभा ने बुजुर्गों को किया सम्मानितः** सभी की ओर से बुजुर्गों का विशेष रूप से सम्मान किया गया और 25 लक्की ड्रा भी निकले गये।
**सभा ने किया अतिथियों का सम्मानः** मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों व अन्य गणमान्य लोगों का विशेष रूप से सम्मानित किया।
**अतिथियों ने की कार्यक्रम की सराहनाः** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि सभी को महाराजा अग्रसेन के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए।
**ये लोग रहे मौजूदः** मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के संस्थापक शिव नारायण बंसल, मुख्य संरक्षक अनिल बंसल, प्रधान जगदीश गर्ग, चेयरमैन लक्ष्मीनारायण गोयल, सचिव घनश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







**शिव नारायण बंसल, संस्थापक, मजलिस पार्क अग्रवाल सभा:** हम सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें।


**जगदीश गर्ग, प्रधान, मजलिस पार्क अग्रवाल सभा:** आज बड़े ही भव्य रूप में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी छात्रों और बुजुर्गों का भी सम्मानित किया गया।


**लक्ष्मीनारायण गोयल, चेयरमैन, मजलिस पार्क अग्रवाल सभा:** हम सभी को महाराजा अग्रेसन जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमेशा ही गरीब व असहाय व्यक्ति की मदद करनी चाहिए, जिससे की सभी का कल्याण हो सके।

# नरेला क्षेत्र में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला ने मनाया महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के नरेला इलाके में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला द्वारा महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
नरेला की पुरानी अनाज मंडी में भव्य कार्यक्रम कर महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियो द्वारा सभी का स्वागत पगड़ी पटका पहनाकर किया गया।
कार्यक्रम में हरियाणवी सिंगर गजेंद्र फौगाट ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। वही, महालक्ष्मी रसोई का भी आयोजन किया गया जिसमें सुंदर व्यंजन परोसे गए। आपको बतादें कि अग्रवाल परिवार मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अग्रवाल सेवा संघ के पदाधिकारी द्वारा सभी को महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव की शुभकामनाए दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के जज सुधीर अग्रवाल रहे। तो वही अति विशिष्ट अतिथि नरेला विधायक शरद चौहान, रिठाला से विधायक महेंद्र गोयल, नरेला वार्ड एक से निगम पार्षद पति कमल खत्री, वार्ड-2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, राजीव निशाना, नरेंद्र दत्त, संजय गुप्ता, हेमराज बंसल, मनोज बंसल के अलावा अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल, सह कोषाध्यक्ष सागर बंसल, कार्यालय मंत्री सुशील कुमार, प्रचार मंत्री राहुल सिंघल, कार्यकारिणी सदस्य विकास बंसल, राहुल एरन, अमित, सुरेंद्र गर्ग, संजय जैन, घनश्याम, गोपाल जिंदल, अजय कुमार, रामदत्त, भूपेश बंसल, राजीव बंसल, सुनील, राजेश गर्ग, मनोज बंसल, शिवराज, दीपक गर्ग, मोहित गुप्ता, महावीर प्रसाद सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने क्षेत्र के विकास को लेकर कभी कोई समझौता नहीं किया: गंगवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र में विधायक ने विकास कार्यो को लेकर कभी कोई कसर नहीं छोड़ी हैं और न ही काम को लेकर कभी भी समझौता किया हैं। उनके विधायक बनने से पहले लॉरेंस रोड़ इंडस्ट्रियल एरिया की लगभग सभी सडको का बुरा हाल हुआ करता था, यह नहीं पता चलता था कि सडक पर गड्ढा हैं या फिर गड्ढों में सड़क बनी हैं। लेकिन जितेंद्र तोमर के विधायक बनने के बाद वहां पर आरसीसी की सडकें बनवाई गई। हमारे विधायक जितेंद्र तोमर व वर्तमान में विधायक प्रीति तोमर ने पूरी विधानसभा में विकास की रफ्तार न तो रूकने दिया है और न ही रफ्तार धीमी पड़ने दी हैं।
**विधायक ने नहीं रूकने दी विकास की रफ्तारः** वहीं पूर्व निगम पार्षद व त्रीनगर विधानसभा अध्यक्ष अशोक गंगवाल ने कहा कि, पहले शकूरपुर का भी बुरा



हाल करता था, शकूरपुर के मुख्य द्वार पर ही कूड़ाघर होता था जिससे कि गंदगी का माहौल रहता था, लेकिन अब मुख्य द्वार पर फैंसी लाइटें लगवाई गई हैं, जिससे कि इलाके में चार चांद भी लगा हैं। वहीं अशोक गंगवाल ने बताया कि विधायक ने पूरी त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा लाइटें भी लगवाई गई हैं, जिसकी चमक देखने को बनती हैं, इतना ही नहीं शकूरपुर स्थित एफ और जे ब्लॉक में लोगों की सहुलियत को देखते हुए दो बारात घरों का भी निर्माण करवाया गया हैं।
**800 से ज्यादा किए विकास कार्यः** गंगवाल ने आगे बताया कि क्षेत्र स्थित कोहाट वार्ड और आनंदवास के दो सरकारी स्कूलों मे बच्चों कि सुविधा व खेलों के महत्व को समझते हुए स्पोर्ट कॉम्पलेक्स भी बनवाया गया हैं। गंगवाल ने बताया कि हमारे विधायक ने पूरी विधानसभा में लगभग आठ सौ विकास कार्य करवाए हैं जिनकी एक किताब भी पब्लिश की गई हैं जिसे कोई भी कभी भी देख सकता हैं।


एआईसीसी सभागार में नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र संगठन पदाधिकारियों, पूर्व मंत्री, विधायक तथा निगम पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जो कि संगठन विस्तार एवं करोल बाग में आगामी 26 नवंबर को आयोजित होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर की गई। इस बैठक को एआईसीसी कोषाध्यक्ष अजय माकन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने संबोधित किया। साथ में है वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व कांग्रेस पदाधिकारी।

# समता विहार में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा, शोभायात्रा से राममय हुआ क्षेत्र






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**29** अक्टूबर अयोध्या में श्री राम मन्दिर निमार्ण पूर्ण होने पर श्री राम सेवक संघ (रजि.) समता विहार, मुकुन्दपुर दिल्ली ने विशाल शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सनिध्य श्री बालाजी महाराज के कृपापात्र महंत अनिल शर्मा (धर्मप्रचारक) का रहा। महंत जी ने बताया कि प्रभु श्रीराम की यह 9वीं विशाल शोभायात्रा है, जिसमें पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष रामभक्तो की भीड़ हजारों की सख्या में थी और जय श्रीराम के जयकारों से समस्त क्षेत्र राममंय हो गया।
समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि समस्त सदस्यों व महिला शक्ति के सहयोग से यह शोभायात्रा बहुत अच्छे ढ़ग से सम्पन्न हुई। समापन पर हनुमान चालीसा व महाआरती की गई। आरती में हजारो की सख्या में रामभक्तो ने भाग लिया। इस अवसर पर महामंत्री जयदीप (बन्टी जी) व मोहन, मुन्ना ने बताया कि पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष रामभक्तो की संख्या अधिक थी। अयोध्या में राममंदिर बनने की खुशी रामभक्तो के चहेरे पर देखने लायक थी। शोभायात्रा पर रामभक्तो ने अपने घरों से फूल बरसा कर स्वागत किया और जगह-जगह रामभक्तो ने भंडारे व प्रसाद जलपान का वितरण किया। शोभायात्रा के समापन पर छठ घाट समता विहार पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3000 से 4000 रामभक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। धर्मप्रचारक महंत जी ने बताया कि पिछले10 वर्षो से संस्था हर वर्ष शोभा यात्रा, बालाजी महाराज का संर्कीतन व मगंलवार को क्षेत्र के कई मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करती है और साल में 6 धार्मिक यात्रा व गरीब लड़कियों की शादी करवाती है। शोभायात्रा को शान्ति पूर्ण समापन के लिए मनोज कुमार, बन्टी, करण सक्सेना,चन्दिका, मुन्ना, जितेन्द, मनोज, मोहन, रजीत, रामप्रकाश, अविनाश, श्रवण, धमेन्द्र समस्त सदस्यगण और महिला शक्ति की अध्यक्ष कोमल, महामंत्री पुष्पा एवम समस्त महिला शक्ति बधाई की पात्र है।

# पीएम ने पटेल जयंती को "राष्ट्रिय एकता दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय कर, उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी: कृष्ण पाल

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने राष्ट्रीय एकता दिवस व प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश आजाद होने के बाद 500 से ज्यादा रियासतों में देश को बांटने का काम अंग्रेजों ने किया था। पूरा दुनिया मानती थी कि भारत को आजादी तो मिली लेकिन भारत बिखर जाएगा, लेकिन देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक के बाद रियासत को देश के साथ जोड़ने का काम किया। उनके कड़े फैसलें लेने के कारण ही आज के भारत का निर्माण हो पाया है।



इसलिए उन्हें "लौहपुरुष" भी कहा जाता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज मंगलवार को प्रातः 7 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित "रन फॉर यूनिटी" मैराथन का शुभारंभ किया व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में आज के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया था। भारत अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाता है, जिनका स्वतंत्रता के बाद कई रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए मनाने में योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। चूंकि देश भारत के एकीकरण के लिए पटेल के महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए आभारी है, इसलिए यह दिन उस "राष्ट्रीय एकता" को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जिसके शब्द हैं ह्लमैं गंभीरता से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करता हूं और अपने साथी देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने के लिए भी कड़ी मेहनत करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश के एकीकरण की भावना से लेता हूं जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों से संभव हो सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का भी गंभीरता से संकल्प लेता हूं।" केंद्रीय राज्यमंत्री ने उपस्थित युवा खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकें हैं, से अपील करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व यानी चुनाव के महत्त्व को समझें और अपना-अपना वोट बनवाकर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

# फरीदाबाद में 20 व 21 नवंबर को होगा युवा महोत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में 20 व 21 नवंबर को युवा महोत्सव का आयोजन होगा। इसके लिए पंजीकरण का 07 नवम्बर अंतिम दिन है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विलुप्त होती लोक कला को संजोने का यह हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष होनी आयु चाहिए। हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिला के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के



सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा महोत्सव का आयोजन 17 व 18 नवंबर तथा 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की 07 नवम्बर 2023 अंतिम तिथि है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है।

पंजीकरण के लिए यहां करें **सम्पर्क:-**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नम्बर 0129-2415920 और वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ मीटिंग आयोजित कर जाना उनका हाल-चाल

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी** अमित यशवर्धन ने अपने कार्यालय में एरिया के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। मीटिंग में एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुशीला सहित एरिया के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान तथा उनकी देखभाल के संबंध में आयोजित की गई मीटिंग में डीसीपी अमित यशवर्धन ने वरिष्ठ नागरिकों का हाल-चाल पूछ उनकी देखभाल या किसी अन्य प्रकार की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ नागरिकों ने ने यातायात जाम की समस्या तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए जाने वाले अतिक्रमण के बारे में पुलिस उपायुक्त को बताया इसके संबंध में उन्होंने आश्वासन दिया कि दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी है। वरिष्ठ नागरिक कमेटी द्वारा वृद्धजनों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना। फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 7290010000 के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही वहां पर उपस्थित सभी को वरिष्ठ नागरिक रजिस्ट्रेशन के बारे विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक निसंकोच मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं। फरीदाबाद पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है। इसके साथ ही हरियाण सरकार के द्वारा चलाई गई इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल 112 (इआरवी) पर भी कॉल कर सकते हैं सहायता दी जाएगी।

### पुलिस चौकी सेक्टर 46 और 21ऊकी टीम ने छात्रों को साइबर अपराध से सुरक्षा

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 46 तथा 21ऊप्रभारी की टीम ने मेवला महाराजपुर तथा एसजीएम नगर स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में छात्रों को साइबर सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में व नशे से होने वाली हानि के संबंध में जागरुक किया । पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा समय-समय पर एडवाइजरी जारी करके तथा विभिन्न स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों तथा नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस चौकी की टीम ने सरकारी स्कूल में उपस्थित छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए अपना एटीएम कार्ड नंबर बैंक अकाउंट क्रेडिट कार्ड जैसी गोपनीय जानकारी को किसी के साथ साझा नहीं करने के बारे में जानकारी प्रदान की। पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। इसके साथ ही छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और जागरूकता अभियान का समापन किया गया जिसपर सभी छात्रों ने पुलिस टीम द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

### लावारिस अवस्था में मिली 4 वर्षीय बच्ची के परिजनों को पुलिस चौकी बल्लभगढ़ सेक्टर 3 की टीम ने तलाश कर किया हवाले

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम पुलिस चौकी सेक्टर 3 ने लावारिस अवस्था में घूम रही 4 वर्षीय बच्ची के परिजनों को तलाश कर हवाले कर ने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर को पुलिस चौकी सेक्टर 3 मे सूचना मिली कि एक करीब 4 साल लड़की लावारिस अवस्था में घूम रही है। नाबालिक लड़की को तुरंत पुलिस टीम ने अपने कब्जे में लिया और परिजनों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस चौकी सेक्टर 3 इंचार्ज सीमा ने लड़की के परिजनों की तलाश के लिए अलग-अलग टीम गठित की।

# 'लौहपुरुष वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुई 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन में दौडे बच्चे बुजुर्ग और जवान'

**टीम एक्शन इंडिया / फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**

**जिला** प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा मंगलवार 31अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया।लौहपुरुष वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुई 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन में बच्चे, बुजुर्ग और जवान दौडते दिखाई दे रहे थे। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि 31 अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है। जिसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। सरदार बल्लभ भाई



पटेल जयंती पर उन्हें अखण्ड भारत के निर्माण की नींव रखने में अहम भूमिका निभाने पर उन्हें याद किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया है। उनके सार्थक प्रयास और ठोस निर्णय से भारत एक बड़ा राष्ट्र बना। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत रन फॉर यूनिटी की शुरूआत मंगलवार प्रातः 7:00 से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि यह रन फॉर यूनिटी मैराथन अम्बेडकर चौंक से शुरू होकर, तिगावं रोड से गुजरते हुए सैक्टर-3 के विभिन्न स्थानों से होते हुए सैक्टर-3 के सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि यह मैराथन 5 किलोमीटर लंबी होगी। इसमें महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग मैराथन आयोजित की गई। भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि इस मैराथन में शहर के सभी सामाजिक-धार्मिक संगठन, खिलाड़ी,एनजीओ व अन्य वर्गों के लोग हिस्सा लिया। मैराथन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला व पुरुष विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से आह्वान पर युवा, बच्चे, महिलाओं ने इस मैराथन में भागीदारी सुनिश्चित करके लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से हम प्रेरणा ली। बता दें कि आज मंगलवार को प्रातः 7:00 बजे अम्बेडकर चौंक से शुरू करके रन फॉर यूनिटी मैराथन सैक्टर-3 के सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई। जहां मैराथन में सभी भागीदारों का धन्यवाद किया गया और उन्हें फ्रुट और पीने का साफ पानी देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम त्रिलोक चंद और भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा व एसीपी जयभगवान सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बल्लभगढ़ में रन फॉर यूनिटी ( राष्ट्रीय एकता दिवस) के मौके पर शहर के नवयुवक, एसडीएम त्रिलोकचंद, केबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य पारस जैन सहित शहर के गणमान्य लोगों ने मैराथन में दौड लगाई।

वहीं मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में सुबह 6:30 बजे ही भारी संख्या में पहुंच कर 07:00 बजे से बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक से लेकर तिगांव रोड होते हुए सेक्टर 3 के कम्युनिटी सेंटर तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में शहर के गणमान्य लोगों के साथ स्कूली बच्चों भी हिस्सा लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

# खेल परिसर में 5 हजार से अधिक लोगों ने रन फॉर यूनिटी दौड़ में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

31 अक्टूबर के दिन लौह पुरुष, 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रुप में बनाते हुए सेक्टर 12 खेल परिसर से रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस, छात्रों व युवाओं सहित आमजन ने भाग लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपायुक्त विक्रम सिंह, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, एडीसी आनंद शर्मा, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर राजेंद्र गुलिया, एसीपी सेन्ट्रल राजीव कुमार, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार सहित




जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन दौड़ की थीम रोड सेफ्टी रही जिसके तहत युवाओं को सड़क सुरक्षा का महत्व बताने तथा सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

## लौह पुरुष, 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव । दिनांक 31 अक्टूबर** को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई । सरदार बल्लभ भाई पटेल ने पूरे भारतवर्ष को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया था जिसके के उपलक्ष में आज डीपीपी अभिषेक जोरवाल ने पुलिस कार्यालय सेक्टर 21उ में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

एकता के प्रतिक माने जाने वाले लोह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद गांव में हुआ था।

# उपायुक्त ने संत सूरदास पार्क एवं संत सूरदास मन्दिर का किया निरीक्षण



टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे सेक्टर-8 स्थित सिही गांव के संत सूरदास पार्क एवं संत सूरदास मन्दिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, एसडीएम त्रिलोक चंद, नगर निगम फरीदाबाद से एसई ओमबीर सिंह व राजस्व रिकार्ड के साथ नायब तहसीलदार बल्लबगढ़ दिनेश कुमार, सिही ग्राम उत्थान समिति के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने राजस्व रिकार्ड का अवलोकन करने पर पाया कि संत सूरदास पार्क का रकबा 29500 वर्गमीटर है जिसका मालिकाना हक कम्पलैक्स फरीदाबाद के नाम है। ग्राम उत्थान समिति के सदस्यों ने मौके पर उपायुक्त को संत सूरदास पार्क एवं संत सूरदास मन्दिर से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से पार्क में पैदल पथ के जगह-जगह से टूटे होने के बारे में बताया गया जिसके कारण पार्क में आने वाले स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित एसई नगर निगम ओमबीर सिंह को पार्क के टूटे पैदल पथ की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पार्क में अन्य जरूरी सभी अधूरे कार्यो को पूरा करवाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी विक्रम सिंह ने पाया कि संत सूरदास मन्दिर की छत खस्ता हालात में है जिसकी मरम्मत की जानी है। इस बारे उपायुक्त ने एसडीएम त्रिलोक चंद को मन्दिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ इस समस्या के समाधान के लिए एक बैठक करने के निर्देश दिए। तथा इस विषय में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके उपायुक्त कार्यालय में भिजवाने को कहा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने मन्दिर के साथ लगते सरकारी प्राईमरी स्कूल का भी निरीक्षण किया और पाया कि स्कूल का भवन का कार्य अभी अधूरा है। इसपर उपायुक्त महोदय ने एसई ओमबीर सिंह को लम्बित कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। तथा एसडीएम त्रिलोक चंद को स्कूल की मिड-डे मील की रसोई की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए।

# पार्क अस्पताल, ट्रांसपोटर्स के खिलाफ आरडब्लयूए ने ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

आरडब्लयूए ब्लाक-डी2 व आरडब्लयूए ब्लाक- जे के निवासी ने आज ब्लांक के संगरक्ष पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला ,वरिष्ठ अधिवक्ता पी के मित्तल,बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट के नेतृत्व मे आज उपायुक्त के नाम सुप्रीडेनट गजराज सिंह को ज्ञापन सौंपा।पार्क होस्पीटल वाली रोड पर अतिक्रमण व ट्रांसपोर्ट को लेकर काफी समय से सेक्टर वासी परेशानी झेल रहे हैं।ब्लांक डी 2 के प्रधान जगजीत सिंह नैन,ब्लांक जे के प्रधान गिरधारीलाल मित्तल ने कहा की



पार्क होस्पीटल सैक्टर-10 में बना हुआ है जिसमें हजारो लोगो का आना-जाना लगा रहता है जिसकी वजह से होस्पीटल में आने वाले डाक्टर्स, नर्स व स्टाफ व बीमार लोगों के परिवारजन सड़क पर ही अपने वाहनों को छोड़ जाते है जिसकी वजह से दोनो ब्लाकों के निवासियों को निकलने में बड़ी परेशानी होती है।यह कि इस रोड पर प्लाट न॰ 122 ब्लाक डी-2, सैक्टर-10, डी. एल. एफ. में मैसर्स सैफ एक्सप्रैस कम्पलीट लोजिस्टक सोलूशन के नाम से ट्रांसपोर्ट चलाता है। हमेशा मौका पर 10-15 ट्राला खडे रहते है जिससे रोड पर निकलने वाले को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से ब्लाक - डी 2 के घरों के अन्दर मिट्टी के ढेर लग जाते है और सारा दिन रोड के उपर धूल मिट्टी उड़ती रहती है इससे पहले कई हादसे हो चुके है इन ट्रालाओं के अन्दर पॉवर होर्न लगे होते है जो कि ध्वनि प्रदुषण फैलाते है जिसकी वजह से बुजुर्ग लोगों की बहरे होने की सम्भावना हो जाती है तथा ड्राईवर व क्लीनर जो करीब 50-60 की संख्या है जो कि खुले में शोच करते और वातावरण को दूषित करते है।

# राईट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमिशनर टी. सी. गुप्ता ने फरीदाबाद में ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

**हरियाणा** के राईट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमिशनर टी सी गुप्ता ने आज कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार व राज्य सेवा अधिकार आयोग का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस तक सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं का पूर्ण लाभ समयबद्ध अवधि में पहुंचाना है। सरकारी सेवाओं का लाभ मिलने में लोगों को कोई परेशानी न हो और विभागीय कार्य सुगम व पारदर्शी तरीके से हो। इसी उद्देश्य के साथ वर्ष 2014 में इस आयोग की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं




की प्राप्ति में लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। निर्धारित समय सीमा में लोगों को इन सेवाओं का लाभ नही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न विभागों की 656 सेवाएं राईट टू सर्विस एक्ट में नोटिफाइड हैं जिसमें हर सेवा प्रदान करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सरकारी विभागों के अधिकारियों को उस समय अवधि में ही वे सेवाएं आम जनता को देनी हैं। इस दौरान सभी अधिकारी यह ध्यान रखें कि आवेदनों का रिजेक्शन रेट कम हो और पब्लिक सटिसफैक्शन रेट में सुधार हो। टीसी गुप्ता आज फरीदाबाद में जिला अधिकारियों के अलावा एमिनेंट सिटीजन, एनजीओ, निगम पार्षद, रैजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों की बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक फरीदाबाद के सैक्टर-12 स्थित कन्वेंशन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में श्री गुप्ता ने बताया कि एक्ट में नोटिफाइड 655 सर्विसिज हैं जो लोगों की आम जिंदगी से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं के बारे में जानकारी वैबसाईट पर उपलब्ध है। सेवाओं के साथ स्कीम की जानकारी भी इस वैबसाईट पर दी गई है। उन्होंने कहा कि नोटिफाइड सेवाओं में और सेवाएं जोड़ने या आयोग के साथ अपने सुझाव अथवा शिकायत सांझा करने के लिए पर ई-मेल कर सकते हैं। टी सी गुप्ता ने बताया कि कमीशन का ध्येय है कि जब तक समस्या का समाधान ना हो तब तक फाइल क्लोज नही करनी। उन्होंने बताया कि किसी शिकायत में कोई अधिकारी काम नही करता है तो आस( ऑटो अपील सिस्टम) पोर्टल को यह कानून अधिकार दिया गया है कि वह शिकायतकर्ता की ओर से अपने स्तर पर अपील उठा सकता है।

# फरीदाबाद पुलिस के 5 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल ने विदाई समारोह में दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार आज फरीदाबाद पुलिस परिवार के 5 सदस्यों का सेवाकाल पूर्ण होने उपरांत विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21उ में किया गया। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, आईटी सेल इंचार्ज सुरेन्द्र, वेलफेयर इंस्पेक्टर सत्यवीर, सब इंस्पेक्टर महेश सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभी ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्ति पाने वाले सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले इंस्पेक्टर रणबीर सिंह, उप निरीक्षक भीम सिंह व देशराज, सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार तथा हितेंद्र कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। डीसीपी अभिषेक जोरवाल ने कहा कि सालों तक देश सेवा करने के पश्चात अब इन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति मिल रही है ताकि यह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन्होंने पुलिस विभाग में सालों तक कार्यरत रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## मुख्यमंत्री धामी ने पर्वतीय महापरिषद को लखनऊ-दून के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का रेल मंत्री से वार्ता का दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुलाकात कर लखनऊ-देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे शीघ्र इस मामले में रेल मंत्री से वार्ता करेंगे। उत्तर प्रदेश की दौरे पर गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लखनऊ में पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने भेंट कर ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से अनुरोध किया गया कि लखनऊ सहित पूर्वी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में देहरादून (उत्तराखंड) के लाखों लोग रहते हैं। ऐसे में इन तमाम लोगों को लखनऊ से देहरादून, उत्तराखंड जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए लखनऊ-देहरादून के मध्य वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने उक्त लोगों को आश्वस्त किया कि वह शीघ्र इसे लेकर रेल मंत्री जी से भेंट करेंगे और इन दोनों शहरों के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का अनुरोध करेंगे

## पलवल: 12 गौवंश को गौ रक्षकों ने मुक्त करवाया

**पलवल।** केएमपी एक्सप्रेस-वे के रास्ते पर अमृतसर से असम ले जाए जा रहे 12 गौवंश को गौ रक्षकों तथा नारायणी सेना ने तस्करों से मुक्त कराया है। पंजाब नंबर के कैंटर में गौ वंश को टूस - टूस कर भरा हुआ था। जिसकी सूचना मिलने पर गौ रक्षों में नारायणी सेवा के सदस्य ने उसका पीछा किया और पलवल में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर उसे रुकवा कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गौ वंश को गौशाला में भिजवाने के बाद गायों को भरकर ले जा रहे कैंटर के चालक व परिचालक को काबू कर हवालात में बंद कर दिया जिनसे पूछताछ जारी है।

# छात्रों को निपुण बनाने में जुटी योगी सरकार

## उत्तर प्रदेश के छात्रों को निपुण बनाने में जुटी योगी सरकार के प्रयासों को मिला बल

शांति

**8 शिक्षा का स्तर जांचने के लिए कराए गए निपुण असेस्मेंट टेस्ट (नैट) में यूं तो सभी 75 जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया**




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** के बच्चों को निपुण बनाने में जुटी योगी सरकार की कोशिशें रंग ला रही हैं। प्रदेश के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा का स्तर जांचने के लिए कराए गए निपुण असेस्मेंट टेस्ट (नैट) में यूं तो सभी 75 जिलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ए प्लस कैटेगरी हासिल करने वाले जिलों में प्रतिशत के हिसाब से गौतम बुद्धनगर, वाराणसी, कन्नौज और अंबेडकरनगर जैसे जिलों ने खास सफलता हासिल की है। ए प्लस कैटेगरी वो है जिसमें छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करते हैं। इसके तहत कक्षा एक से 3 तक के छात्रों के निपुण असेस्मेंट टेस्ट में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 49.90 प्रतिशत छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी हासिल की है। कक्षा 4 से 8 में अंबेडकरनगर में सर्वाधिक 33.98 प्रतिशत छात्र ए प्लस कैटेगरी प्राप्त करने में सफल रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार को नैट का परिणाम घोषित किया है। इसके अनुसार कक्षा 1 से 3 और कक्षा 4 से 8 में 31 लाख से ज्यादा छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी में जगह बनाई है। टेस्ट में जो बच्चे अब भी कमजोर पाए गए हैं, उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। जौनपुर और आजमगढ़ जैसे जिले भी रहे टॉप-5 में कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों का ए प्लस कैटेगरी में प्रतिशत के हिसाब से सबसे अच्छा प्रदर्शन गौतमबुद्धनगर का रहा है, जहां 49.90 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे स्थान पर वाराणसी (48.97 प्रतिशत), तीसरे पर कन्नौज (43.09 प्रतिशत), चौथे पर अंबेडकरनगर (42.47 प्रतिशत) और पांचवें पर जौनपुर (41.82 प्रतिशत) रहा है। इसी तरह कक्षा 4 से 8 तक में सबसे अच्छा प्रदर्शन अंबेडकरनगर का रहा, जहां 33.98 प्रतिशत छात्रों ने ए प्लस कैटेगरी हासिल की।

इसके बाद कन्नौज (33.79 प्रतिशत), वाराणसी (33.61 प्रतिशत), सुल्तानपुर (28.51 प्रतिशत) और आजमगढ़ (28.21 प्रतिशत) भी टॉप-5 में रहे।

## अयोध्या में देश के अन्य मंदिरों के भी होंगे दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**अयोध्या** दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में देशभर के मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए अयोध्या में 25 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इस जमीन पर केन्द्र सरकार देशभर के सभी बड़े मंदिरों की तर्ज पर उनकी स्थापत्य कला व शैली के आधार पर मंदिर बनवाएगी।

इसके पीछे सरकार की मंशा है कि जो श्रद्धालु देश के अन्य भागों में स्थापित मंदिरों के दर्शन करने नहीं जा सकते, वे अयोध्या में ही अन्य मंदिरों को देख सकते हैं। केन्द्र

मंदिर बनेगा

**8 सरकार देशभर के सभी बड़े मंदिरों की तर्ज पर उनकी स्थापत्य कला व शैली के आधार पर मंदिर बनवाएगी**

सरकार द्वारा बनाये जाने वाले मंदिर संग्रहालय में लोगों को देश के अन्य बड़े मंदिरों की शैली व उसकी वास्तुकला का दर्शन होगा। इस संग्रहालय में अन्य बड़े मंदिरों की डिजाइन, विशिष्टता, वास्तुकला व निर्माण की बारीकियों का पता चल सकेगा।

**उत्तर से दक्षिण व पूर्व से पश्चिम के सभी बड़े मंदिर होंगे:** अयोध्या में 25 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय में चारों धाम के अलावा जगन्नाथपुरी उड़ीसा, गुजरात का सोमनाथ व द्वारिकाधीश मंदिर के साथ ही बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के अलावा दक्षिण भारत में स्थित तिरुपति बालाजी, मदुरै का मीनाक्षी मंदिर व भगवान अयप्पा का सबरीमाला समेत कई मंदिर बनाए जाएंगे।

## बदरीनाथ मंदिर की नाम पट्टिका स्थापित



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**बदरीनाथ**- केदारनाथ मंदिर समिति के तत्वावधान में राजस्थान के दानीदाता कैलाश कुमार सुथार ने भगवान बदरीनाथ मंदिर के आगे श्री बदरीनाथ मंदिर की नाम पट्टिका लगायी है। इससे बदरीनाथ मंदिर की शोभा और बढ़ गयी है और दूर से ही यह नाम पट्टिका को श्रद्धालुजन देख पा रहे हैं। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति ने दानीदाता को साधुवाद दिया है। विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम की महिमा का वर्णन वेद पुराणों में तो वर्णित है। साथ ही देश के चार धामों में मोक्ष धाम के रूप में भी विख्यात है। सारा बदरी क्षेत्र ईशमय है किंतु जिस भू-भाग में मंदिर स्थित है, उसका अपना महत्व है। बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि अभी तक बदरीनाथ मंदिर के समीप जगह- जगह बदरीनाथ मंदिर के छोटे बोर्ड लगे थे, लेकिन वह बोर्ड दूर से नहीं दिखाई देते थे। भगवान के नाम की पट्टिका लगने से श्रद्धालुजन दूर से दिन और रात में भगवान बदरीविशाल के मंदिर का नाम देख पा रहे हैं। कैलाश कुमार सुमेरपुर (पाली) राजस्थान के निवासी हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुलाकात कर लखनऊ-देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने का अनुरोध किया।

## 03 पुलिस कर्मियों को मिलेगा गृह मंत्री स्पेशल ऑपरेशन पदक

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड** के तीन पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को केन्द्रीय गृहमंत्री का वर्ष- 2023 स्पेशल ऑपरेशन पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है।

## छह तहसीलों में पकड़ी गई 3.50 करोड़ की स्टांप चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**

**जनपद के** छह तहसीलों में स्टांप चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मार्च 2023 से अब तक 3,50,70, 875 रुपये की स्टांप चोरी पकड़ी गई है। इस मामले में 156 क्रेताओं के खिलाफ अलग-अलग न्यायालयों में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि स्टांप विक्रेताओं के तालमेल से निबंधन कार्यालयों में तथ्य को छिपाकर भूमि की रजिस्ट्री कराई गई है। बलिया सदर, बांसडीह, रसड़ा, सिकंदरपुर, बैरिया और बैल्थरा रोड तहसील में स्थित निबंधन कार्यालयों में प्रत्येक माह करोड़ों रुपये की भूमि रजिस्ट्री की जाती है।

इसके लिए क्रेताओं को स्टांप ड्यूटी देनी होती है। नियमानुसार जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के आधार पर स्टांप ड्यूटी देनी होती है। स्टांप विक्रेताओं और निबंधन कार्यालय के मिलीभगत से तथ्य को छिपाकर बैनामा करने का खेल किया जाता है। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और सहायक महा निरीक्षक स्टांप के स्थलीय निरीक्षण में यह स्टांप चोरी पकड़ी गई है।

